आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) ₹105614/-
22 कैरेट रेट (91.60%) ₹128990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) ₹140805/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels Pandri, Raipur

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026




# दो साल में भरोसा बढ़ा, राज्य का सबसे विकसित जिला होगा बलरामपुर : नेताम

## हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कृषि मंत्री से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज / रामानुजगंज। छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने दावा किया है कि आने वाले कुछ सालों में बलरामपुर जिला प्रदेश का सबसे विकसित जिला होगा। रोड, बिजली, पानी, सिंचाई, शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र की सारी कमियां दूर कर ली जाएंगी। खनिज की प्रचुर मात्रा इस जिले को सबसे अग्रणी बनाएगी। जिला संवाद कार्यक्रम में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कृषि मंत्री श्री नेताम से बातचीत की।

**सवाल : सनवाल क्षेत्र का एक युवा इस मुकाम तक कैसे पहुंचा ?**

नेताम : 1990 के दशक में जब राजनीति की शुरुआत की तो उससे पहले क्षेत्र की समस्याओं को देखकर कभी भी अच्छा नहीं लगा। लोगों की परेशानियां दिल में दर्द पैदा करती थी। एक जगह से दूसरे जगह पहुंचाने के लिए ना तो सड़कें थीं और ना ही पुलिया। स्कूल और कॉलेज स्तर से राजनीति की शुरुआत करते हुए आज यहां तक पहुंचा। इस दौरान लोगों का सहयोग और भरोसा मिलता गया।

**सवाल : 2018 के चुनाव में आखिर इतनी करारी हार कैसे हुई ?**

खास खबर

नेताम : लोकतंत्र की यही तो खूबसूरती है। जनता के मन में क्या है यह कोई नहीं जानता। सन 2000 से लेकर 2018 तक भाजपा की सरकार थी तो हमने खूब काम किया। हर वर्ग के लोगों को ध्यान रखने की पूरी कोशिश की। 2018 में प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को एक मौका देने की सोच रखी। इसलिए चुनाव में उनकी जीत हुई। 5 सालों में कांग्रेस ने इतना काम कर दिया कि लोग त्रस्त हो गए। इसी कारण 2023 के चुनाव में कांग्रेस हारी और भाजपा को सरकार बनाने का मौका मिला। प्रदेश में गोठान और गोबर तक में भ्रष्टाचार किया गया। कांग्रेस के द्वारा शराब में मिलावट तो होती ही रही डुप्लीकेट शराब भी तैयार करवाई। रेत और कोयले का अवैध कारोबार हर जिले और शहर में जारी था। पकड़े जाने से डर से कांग्रेसियों ने रिकॉर्ड में आग तक लगवा दी। इसी कारण कांग्रेस सरकार में रॉयल्टी कम जमा हुई और सरकारी खजाने को क्षति पहुंची। शेष पेज 6 पर





### सभी को मिलकर करना चाहिए प्रयास : डॉ. तिर्की

अंबिकापुर के पूर्व महापौर और विधायक प्रत्याशी रहे डॉ. अजय तिर्की ने कहा कि रामानुजगंज के लोगों ने मुझे प्यार, अपनापन दिया। मैंने भी यहां लोगों की सेवा की। उन्होंने कृषि मंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पक्ष में पक्ष चलता रहता है, लेकिन 35 साल मंत्री और विधायक रहने के बाद भी उन्होंने क्षेत्र के लिए काम नहीं किया। अंबिकापुर से रामानुजगंज 1 घंटे में पहुंचना चाहिए था लेकिन सड़क की स्थिति खराब है, क्षेत्र के कॉलेज में शिक्षक होने चाहिए थे। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर युवाओं को कलेक्टर एसपी बनकर निकालना चाहिए थे, लेकिन वह स्थिति आज तक नहीं बन पाई। उन्होंने कहा कि मैंने स्वयं अपने बच्चों को पीजी शेष पेज 6 पर

### साइकिल से जाते थे ससुराल, पहला चुनाव सिर्फ डेढ़ लाख में जीता

अपनी संघर्ष यात्रा को याद करते हुए श्री नेताम ने कहा कि उस दौर में सारा इलाका जंगल था। 1990 तक ग्रामीण डामरीकृत सड़क क्या होती है, नहीं जानते थे। लोग शिकार करने इस क्षेत्र में आया करते थे।उन्होंने जब रामानुजगंज में शिक्षा ली, तब समाज के लिए कुछ करने की बात मन में आई। 1987 में विवाह हुआ, परिवार ने कहा कुछ करो तो नौकरी की। साइकिल से ससुराल जाते थे।कैरियर में बिठाकर धर्मपत्नी को ले जाते थे। नौकरी से अलग मन समाज की ओर था। गरीबों, दलितों के लिए काम करने की इच्छा थी, लोग कहते थे क्या कर लोगे, लेकिन मन संघर्ष करने को तैयार था, तब पहली बार 1990 में टिकट शेष पेज 6 पर

### हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद आज चिरमिरी में

चिरमिरी। छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले की विकास योजनाओं और समस्याओं पर चर्चा के लिए हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद 2026 का आयोजन मंगलवार 24 मार्च को चिरमिरी में होगा। जीएम कॉम्प्लेक्स स्थित तानसेन भवन में शाम 5 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख जनों से संवाद करेंगे। जिला संवाद के इस आयोजन में प्रमुख रूप से प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, चिरमिरी महापौर राम नरेश राय, जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, नगरपालिका मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा सरजू यादव, नई लेदरी नगर पंचायत के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राणा, मनेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल, भरतपुर सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरो, एमसीबी कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव,कांग्रेस नेत्री शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### पांच वर्षों में 23 विमान और हेलीकॉप्टर हादसे



**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को बताया कि पिछले पांच वर्षों में 23 विमान और हेलीकॉप्टर हादसे हुए। यह जानकारी नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। हेलीकॉप्टरों के हादसों की दर पिछले साल प्रति 10,000 उड़ान घंटों में 0.53 रही, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक है।

### टीएसपीसी से जुड़े आठ नक्सली गिरफ्तार

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में प्रतिबंधित तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी से जुड़े आठ नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हथियार व गोला-बारूद जब्त किए गए हैं। ससुरक्षा बलों ने शनिवार को उरिमारी चौकी क्षेत्र में नक्सलियों को पकड़ा। उनके पास से दो इंसास राइफल, एक देसी पिस्तौल, 130 कारतूस, चार पहिया वाहन और सात मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

### रेलिंग से टकराई बस चार यात्रियों की मौत



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु-मैसुरु एक्सप्रेसवे पर सोमवार तड़के एक निजी बस के सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। दुर्घटना बेंगलुरु दक्षिण जिले में चन्नापटन के निकट संकलगेरे गांव के नजदीक हुई। मृतकों की पहचान मोहम्मद फरान और सुल्फी (45), बेंगलुरु के राशिद (45) तथा साकिर (27) के रूप में हुई है।

### जलने और दम घुटने से हुई आठ की मौत

**इंदौर।** इंदौर में तीन मंजिला घर में भीषण आग लगने से जान गंवाने वाले आठ लोगों के शवों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि उनकी मौत जलने और दम घुटने के कारण हुई थी। मृतकों के परिजन ने बचाव कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुए घर में करंट फैलने की आशंका जताई थी। हालांकि, पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के हवाले से इस बात को खारिज किया है। 1

## लैलूंगा के दो गांव में मिले अफीम की खेत, प्रदेश में यह पांचवां मामला

# प्याज के बीच अफीम की खेती, पटवारी ने पांच दिन पहले ही इसी जमीन की दी थी एनओसी

- ड्रोन सर्वे में आया तो था, लेकिन नहीं समझ सके अधिकारी कम्प्यूटर में देखने और वीडियो से मिलान में आया समझ में
- रायगढ़ जिले के लैलूंगा ब्लॉक के दो गांव में करीब दो-दो डिसमिल जमीन में हो रही थी खेती

**हरिभूमि न्यूज ›› लैलूंगा**

तमनार के आमागांव में मिले अफीम जखीरे के आरोपियों के पकड़ में आने से पहले ही लैलूंगा ब्लॉक के दो गांव नवीन घटगांव और मुड़ागांव में अफीम की खेती का मामला सामने आ गया है। यह जिले का दूसरा और प्रदेश का पांचवां मामला है। नवीन घटगांव में दो और मुड़ागांव में एक किसान इसकी खेती कर रहा था। दिलचस्प बात यह है कि जिस जमीन का एनओसी पांच दिन पहले पटवारी ने दिया था उसी जमीन पर अफीम की खेती मिली है। पटवारी ने खेतों की जांच किए बिना ही एसडीएम को रिपोर्ट देकर प्रशासन के आंखों में धूल झोंक दिया है। खास बात यह भी है कि अधिकारियों को पता ही नहीं था कि यह अफीम है।

तमनार, दुर्ग और बलरामपुर का वीडियो देखकर अधिकारियों ने अफीम की पहचान की है। तमनार में अफीम के पौधे मिलने के बाद जिले में ड्रोन सर्वे कराया जा रहा है, इसमें ही दिखा था, लेकिन अधिकारी समझ नही सके। कम्प्यूटर में गंभीरता से देखे और वीडियो से मिलान करने पर समझ में आया कि यह अफीम है। दोनों गांव में करीब दो-दो डिसमिल जमीन में इसकी खेती हो रही थी। अफीम के चारों ओर प्याज लगाया गया और साड़ी का घेरा लगाकर उसे छुपाने की कोशिश की गई थी। वीडियों में देखकर जब समझ आया कि यह अफीम है तो अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए और सोमवार सुबह-सुबह वहां दबिश दी। जहां कुछ खेत में अफीम लगी थी तो कुछ की कटाई कर ली गई थी। मुड़ागांव के किसान ने तो कटाई करके उसे सुखाकर घर शेष पेज 6 पर

अलग खबर



**इसके फूल हैं सफेद:** तमनार के आमाघाट में जो अफीम के पौधे मिले थे उसमें पिंक कलर के फूल खिले थे, लेकिन लैलूंगा के नवीन घटगांव में जो पौधे मिले हैं उसमें सफेद रंग के फूल लगे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अफीम के पौधे कुछ अन्य प्रजातियां भी पाई जाती हैं। पिंक कलर के फूल बरबस ही लोगों को आकर्षित करते हैं, लेकिन सफेद कलर का फूल भिंडी के समान नजर आता है।

### छोटे रकबे में खेती

जानकारी के मुताबिक दोनों गांव में अफीम की खेती छोटे रुप में की गई थी। नवीन घटगांव में खसरा नंबर 412 में 242 वर्गफुट में खेती की गई थी। इसी तरह खसरा नंबर 429/ 3 में 212 वर्गफुट में पौधे में फूल लगे थे और 597 वर्गफुट में पौधे पूरी तरह से सूख चुके थे, कटाई भी कर ली गई थी। इसी तरह मुड़ागांव में खसरा नंबर 26 में .081 हेक्टेयर में खेती की गई थी। मुड़ागांव में पूरी फसल खेत से उखाड़ ली गई थी। उसके घर से करीब तीन किलो जब्त की गई है।



### तीन मामले सामने आए

बीते डेढ़ सप्ताह से जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में गहन विश्लेषण और सर्वे किया जा रहा था। इस दौरान अफीम के खेती के तीन मामले सामने आए हैं। सभी मामलों में संबंधित धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।
-मयंक चतुर्वेदी, कलेक्टर,रायगढ़



## एसीबी की टीम ने की कार्रवाई शुरू की गई जांच

# 33 हजार की रिश्वत लेते नपा सीएमओ-लेखापाल गिरफ्तार





इशहाक खान



सुशील कुमार

**हरिभूमि न्यूज ›› मनेन्द्रगढ़**

एसीबी की टीम ने मनेंद्रगढ़ नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी और लेखापाल को ठेकेदार से 33 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सीएमओ और लेखापाल ने ठेकेदार से बिल पास कराने के लिए कुल 53 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी, जिसमें से पहले ही 20 हजार रुपए ठेकेदार ने दे दिए थे। ठेकेदार ने इस मामले की शिकायत सरगुजा एसीबी से की थी। एसीबी की टीम ने सोमवार को दोनों शेष पेज 6 पर

### टीम ने बिछाया जाल

एसीबी टीम ने एक शिकायत के आधार पर जाल बिछाया। जैसे ही लेखापाल ने रिश्वत की रकम स्वीकार की, एसीबी ने उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान 33 हजार रुपए बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 7, 12 पीसी एक्ट 1988 यथा संशोधित अधिनियम 2018 के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## राज्यसभा को सरकार ने दी जानकारी

# यूपीएससी सिविल सेवा प्री की जारी होगी अस्थायी उत्तर कुंजी

**एजेंसी ›› नई दिल्ली**

राज्यसभा में सरकार ने सोमवार को बताया कि संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करने के बाद अपनी वेबसाइट पर अस्थायी उत्तर कुंजी जारी करने के लिए दिशानिर्देश तैयार कर लिए हैं। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न में लिखित उत्तर में उच्च सदन को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले के अनुपालन में, यूपीएससी ने वेबसाइट पर अस्थायी उत्तर कुंजी जारी करने के लिए दिशानिर्देश तैयार कर लिए हैं। सिंह ने कहा कि यह प्रक्रिया, जो 2026 की सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा से लागू होगी, यूपीएससी द्वारा आयोजित सभी संरचित परीक्षाओं पर लागू होगी।




### मंत्री से पूछा गया था सवाल

मंत्री से वैकल्पिक विषयों तथा सिविल सेवा एप्टीट्यूट टेस्ट (सीएसएटी) में आने वाली समस्याओं की ओर ध्यान दिलाते हुए प्रक्रिया का मानकीकरण किए जाने के बारे में प्रश्न किया गया था। कार्मिक राज्य मंत्री ने कहा, सीएसएटी एक योग्यता परीक्षा है जिसका उद्देश्य गुणवत्ता और विश्लेषणात्मक क्षमता का न्यूनतम मानक सुनिश्चित करना है। प्रश्नों का स्तर मैट्रिक स्तर के अनुरूप है।

## ब्लैक मंडे : ट्रंप की धमकी का शेयर बाजार में दिखा गहरा असर

# बाजार में हाहाकार, निवेशकों के डूबे 13 लाख करोड़

### सेंसेक्स 1,837 अंक फिसला, निफ्टी टूटकर 22,512 अंक पर आया

**हरिभूमि न्यूज ›› मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,837 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 602 अंक लुढ़क गया। शेयर बाजार में हाहाकार से निवेशकों के करीब 13 लाख करोड़ रुपए डूब गए। पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त होने के कोई संकेत नहीं होने के साथ वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से घरेलू बाजार में गिरावट रही। युद्ध अब चौथे सप्ताह में पहुंच गया है। इसके कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी और रुपये की विनिमय दर में गिरावट शेष पेज 6 पर

एक्सपर्ट व्यू

### पश्चिम एशिया में तनाव

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में संभावित कमी को लेकर चिंताओं के बीच एशियाई बाजारों में कमजोर रुख के साथ घरेलू बाजारों में भारी गिरावट आई। ट्रंप की चेतावनी के बाद निवेशकों का रुख सतर्क है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि ने बढ़ती मुद्रास्फीति और राजकोषीय चिंताओं का संकेत दिया है।



### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में से टाइटन में सबसे अधिक 6.24 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंटरग्लोब एविएशन, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा शामिल हैं।

### अमेरिकी बाजार

ईरान के खिलाफ अमेरिका की नवीनतम चेतावनी के चलते अमेरिकी वायदा अनुबंधों में गिरावट देखी गई। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज वायदा लगभग स्थिर रहा।

### एशियाई बाजार

युद्ध के चौथे सप्ताह में प्रवेश करने के कारण एशियाई-प्रशांत बाजारों में भारी गिरावट आई, जापान और दक्षिण कोरिया के प्रमुख सूचकांकों में 5% की गिरावट दर्ज की गई।



### सोना और चांदी के दाम गिरे

इधर, सोमवार को सोना 9,050 रुपए टूटकर 1.43 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि चांदी 10,500 रुपए की गिरावट के साथ 2.30 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 227.42 डॉलर या 5.06 प्रतिशत टूटकर 4,263.73 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी 4.25 डॉलर या 6.3 प्रतिशत टूटकर 63.53 डॉलर प्रति औंस रह गई।

तमिलनाडु चुनाव

पीएमके 18 और एएमएमके 11 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

# एनडीए में सीट बंटवारा फाइनल, एआईडीएमके 178, भाजपा लड़ेगी 27 सीटों पर चुनाव

*तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) ने तमिलनाडु में आगामी 234-सदस्यीय विधानसभा चुनावों के लिए अपनी सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है।*

एजेंसी ▸▸| चेन्नई

इस समझौते के तहत ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईडीएमके) के नेतृत्व वाला गठबंधन 178 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 27 सीटें दी गई हैं। इसके अलावा पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) को 18 सीटें और अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) को 11 सीटें मिली हैं। यह घोषणा अन्नाद्रमुक प्रमुख पलानीस्वामी ने चेन्नई में पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, बीजेपी तमिलनाडु के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन, पीएमके के अध्यक्ष अंबुमणि रामदास और एएमएमके के महासचिव टीटीवी दिनाकरन शामिल हुए।

अन्नाद्रमुक प्रमुख पलानीस्वामी व पीयूष गोयल ने संयुक्त प्रेसवार्ता में किया ऐलान



### 9 विधानसभा सीटों से लड़ने की इच्छा

पुथिया नीधि काची के संस्थापक एसी षणमुगम ने कहा कि उन्होंने पीयूष गोयल को बीजेपी के 'कमल' चुनाव चिह्न के तहत नौ निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने की अपनी पार्टी की इच्छा के बारे में सूचित कर दिया है। उन्होंने वेल्लोर में अपने पिछले चुनावी प्रदर्शनों का भी जिक्र किया और बताया कि 2014 में बीजेपी के चुनाव चिह्न पर उन्हें 3.25 लाख वोट मिले थे, जबकि अन्नाद्रमुक के समर्थन से चुनाव लड़ने पर उन्हें 4.70 लाख वोट मिले थे।

### तमिलनाडु में कब है चुनाव?

तमिलनाडु में 23 अप्रैल को एक ही चरण में चुनाव होंगे और वोटों की गिनती 4 मई को होगी। 234 सदस्यों वाली राज्य विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 10 मई को खत्म हो रहा है। मुख्य चुनावी मुकाबला द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के नेतृत्व वाले सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस (एसपीए) के बीच होने की उम्मीद है। इसमें कांग्रेस, डीएमके और अन्य पार्टियां शामिल हैं। सत्ताधारी गठबंधन को हटाने की कोशिश में नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) है, जिसका नेतृत्व ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईडीएमके) कर रही है और बीजेपी तऔर पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) इसके सहयोगी हैं।

केरल

## छत्तीसगढ़ सीएम ने कहा- केरल में परिवर्तन का आ चुका है समय

# सीएम साय भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन रैली में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केरल दौरे के दौरान कोट्टायम जिले के चेंगन्नूर एवं अरनमुला विधानसभा क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के नामांकन रैलियों में शामिल होकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया और व्यापक जनसमर्थन जुटाया। मुख्यमंत्री साय ने चेंगन्नूर से भाजपा प्रत्याशी एमवी गोपाकुमार एवं अरनमुला से कुम्मनम राजशेखरन के समर्थन में आयोजित नामांकन रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विधानसभा चुनाव केरल की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत का अवसर है। केरल में अब बदलाव की आवश्यकता महसूस की जा रही है और जनता एक सशक्त विकल्प की ओर देख रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि केरल की जागरूक और प्रबुद्ध जनता अब परिवर्तन के लिए पूरी तरह तैयार दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में स्थापित सुशासन, पारदर्शिता और विकास का जो मॉडल विकसित हुआ है, उसने पूरे देश में विश्वास का वातावरण तैयार किया है और उसी का प्रभाव अब केरल में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

### यह चुनाव निर्णायक मोड़

अरनमुला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान साय ने कहा कि यह चुनाव केरल की राजनीति में एक निर्णायक मोड़ साबित होगा। उन्होंने कहा कि जनता अब वर्षों से चली आ रही तुष्टिकरण की राजनीति से आगे बढ़ना चाहती है और एक ऐसी सरकार चाहती है, जो सभी वर्गों के लिए समान अवसर और न्याय सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि आज केरल की जनता ऐसे नेतृत्व की ओर देख रही है, जो केवल वादे न करे, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारने की क्षमता भी रखता हो। विकास, सुशासन और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध नेतृत्व ही प्रदेश को नई दिशा दे सकता है और भारतीय जनता पार्टी इस अपेक्षा पर खरी उतरने के लिए पूरी तरह तैयार है।



असम

## भाजपा को बड़ा झटका! खेल मंत्री ने थामा 'हाथ'

एजेंसी ▸▸| गुवाहटी



असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए 9 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि वोटों की गिनती 4 मई को होगी। चुनाव के पहले बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। हिमंत सरकार में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रहीं नंदिता गरलोसा औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल हो गई। बीजेपी द्वारा टिकट न दिए जाने के चलते उन्होंने यह फैसला लिया है। अब वो कांग्रेस के टिकट पर अपनी मौजूदा सीट हाफलोंग से विधानसभा का चुनाव लड़ेंगी। रविवार को ही मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने हाफलोंग जाकर नंदिता गरलोसा से उनके घर पर मुलाकात की थी लेकिन यह बैठक बेनतीजा रही। सीएम सरमा से मुलाकात के कुछ ही घंटों बाद उन्होंने कांग्रेस का हाथ थाम लिया। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) महासचिव निर्मल लंगथासा की उपस्थिति में नंदिता गरलोसा कांग्रेस में शामिल हुईं। कांग्रेस प्रदेश महासचिव ने कहा कि पिछले 5 वर्षों से वो दीमा हसाओ की आवाज रही हैं और वो हमेशा अपने विश्वासों और सिद्धांतों पर दृढ़ता से कायम रही हैं।

### बीजेपी ने काटा गरलोसा का टिकट

निर्मल लंगथासा ने आगे कहा कि कांग्रेस कल उन्हें हाफलोंग सीट से अपना उम्मीदवार घोषित करेगी। इस संबंध में सभी औपचारिकताएं शीघ्र ही पूरी कर ली जाएंगी। गरलोसा असम सरकार में खेल और युवा कल्याण मंत्री थीं और वो मौजूदा विधानसभा में हाफलोंग सीट का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। इस बार बीजेपी ने उनकी जगह नए चेहरे रुपाली लांगथासा को टिकट दिया, जिसके बाद गरलोसा ने बीजेपी छोड़ दी।

अस्पताल बनाने का सपना

बंगाल

## घरों में धोती हैं बर्तन, भाजपा ने आउसग्राम से दिया टिकट

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

बीजेपी के बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची में कई सीनियर और फेमस नेताओं के भी नाम है लेकिन एक ऐसा नाम है जिसकी चर्चा शुरू हो गई है। यह नाम पर कलिता माझी का। कलिता दूसरों के घरों में बर्तन मांजने का काम करती हैं। उन्हें बीजेपी ने अपना उम्मीदवार बनाया है। यह दूसरी बार है, जब बीजेपी ने उन्हें टिकट दिया है। इससे पहले 2021 के विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी ने उन्हें प्रत्याशी बनाया था।

कलिता माझी मेड का काम करके हर महीने 3000 से 4000 रुपये ही कमा पाती हैं। उन्हें बीजेपी ने पूर्वी वर्धमानके आउसग्राम विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी बनाया है।



कलिता माझी के पति का नाम सुब्रतो माझी है। सुब्रतो प्लंबर का काम करते हैं।कलिता ने कहा कि उनके लिए चुनाव का मुख्य मद्दा अपने गांव के लोगों के लिए काम करना। उनकी हर तरह से मदद करना होगा। कलिता ने कहा कि उनका सपना है कि वह इलाके में गरीबों के लिए एक अस्पताल बनाएं।




बिलासपुर
मंगलवार 24 मार्च 2026
चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी
वर्ष: 26, अंक : 02
पृष्ठ : 10+6+8 =24, मूल्य: 5.00***

मौसम
अधि. 35.6
न्यून. 20.0

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### परीक्षा के एक रात पहले व्हॉट्स एप में वायरल हुए 12वीं हिंदी के प्रश्न!




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड परीक्षा सवालों के घेरे में आ गई है। कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने परीक्षा के एक रात पूर्व व्हॉट्सएेप पर हिंदी की परीक्षा में पूछे गए सवाल वायरल होने का आरोप लगाया है। जांच की

- एनएसयूआई का आरोप, ... की मांग को लेकर आज ... मंडल का घेराव
- माशिम ने 14 मार्च को आयोजित की थी 12वीं कक्षा की हिंदी परीक्षा

अगले दिन हिंदी की परीक्षा में पूछे गए। यहां तक कि सवाल के क्रम भी

सोमवार को हुई माशिम की परीक्षा समिति की बैठक में निर्णय

हरिभूमि फॉलोअप

# विभाग ने माना-12वीं हिंदी का पर्चा हुआ था लीक, आखिरकार रद्द, अब 10 को होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बारहवीं कक्षा की हिंदी विषय की परीक्षा रद्द कर दी गई है। यह फैसला प्रश्नपत्र लीक होने की संभावना के चलते लिया गया है। एक तरह से विभाग ने माना है कि पर्चा लीक हुआ था। इस मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था। अब यह ▶▶|शेष पेज 6 पर

### इंस्टाग्राम और व्हॉट्सऐप के जरिए लीक हुए थे पर्चे


12वीं पर्चा लीक कांड पहुंचा थाना, एफआईआर दर्ज, वायरल पर्चे का सच ढूंढेगी पुलिस
हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर
मामला 14 मार्च को आयोजित 12वीं कक्षा की हिंदी विषय की परीक्षा का
परीक्षा के एक रात पहले व्हॉट्स एप में वायरल हुए 12वीं हिंदी के प्रश्न!
सचिव बोलीं- अनियमितता मिली तो कार्रवाई

### जांच पूरी नहीं

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्राप्त सबूतों और छात्रों की शिकायत पश्चात साइबर सेल और कोतवाली थाने में संबंधित मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। अब तक मामले की जांच पूरी नहीं हो सकी है और ना ही पुलिस आरोपियों तक पहुंच सकी है। जिन छात्रों के व्हॉट्सऐप ग्रुप में ये वायरल प्रश्नपत्र हुए थे, उन्होंने हरिभूमि को बताया था कि इंस्टाग्राम से प्रश्नपत्र एक अकादमिक व्हॉट्सऐप ग्रुप में आया। यहां से छात्रों द्वारा इसे दूसरे ग्रुप और अपने दोस्तों को भेजा गया। इधर, माशिम 10वीं-12वीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से प्रारंभ कर चुका है। माशिम ने जांच रिपोर्ट का इंतजार किए बगैर प्राप्त सबूतों के आधार पर पुनः परीक्षा कराने का निर्णय लिया है ताकि परिणाम में विलंब ना हो।

### 2 लाख 46 हजार छात्र हुए हैं शामिल

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बारहवीं कक्षा की परीक्षा में 2 लाख 46 हजार 98 छात्र पंजीकृत हुए थे। चूंकि हिंदी फाउंडेशन कोर्स है, इसलिए सभी संकाय के छात्रों के लिए इसका अध्ययन अनिवार्य होता है। माशिम को अब इन सभी छात्रों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित करते हुए उत्तरपुस्तिकाएं और प्रश्नपत्र वितरण पूर्व की तरह करने होंगे। माशिम ने इस बार परीक्षा में कई बदलाव किए थे। इसमें एक बदलाव इस बार फरवरी से ही परीक्षाएं आयोजित कराने का भी था। माशिम शैक्षणिक सत्र 2024-25 से दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित कर रहा है। द्वितीय परीक्षा में विलंब ना हो, इसलिए मार्च के स्थान पर फरवरी से ही परीक्षाएं शुरू की गई थीं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मिलावटी ताड़ी पीने से 40 लोग बीमार

**तिरुप्पुर।** तिरुप्पुर जिले के गुंडाडम इलाके में कथित तौर पर सुस्ती लाने वाली गोलियों से युक्त मिलावटी ताड़ी पीने के बाद कम से कम 10 लोग बीमार पड़ गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। पुलिस ने शुरू में दावा किया था कि इसमें 40 से अधिक लोग बीमार पड़ गए थे। पीड़ितों में ज्यादातर स्थानीय खेतिहर मजदूर थे। जिन्होंने शनिवार शाम को एक अवैध बिक्री केंद्र से ताड़ी खरीदकर पीने के तुरंत बाद उल्टी, चक्कर और बेहोशी की शिकायत की।

### नहर में मिले पिता, दो नाबालिग बेटों के शव

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक नहर में 28 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके दो नाबालिग बेटों के शव मिले हैं। मृत व्यक्ति की पहचान खेतिहर मजदूर दीपक पोपट पवार के रूप में हुई है। वह पिछले सात वर्षों से निफाड तालुका के रानवड में अपनी पत्नी और भाई के साथ रहता था।

## क्या हुआ सीजफायर...? ट्रंप ने दी थी बिजली संयंत्रों पर हमले की चेतावनी

# पीछे हटा अमेरिका, पांच दिन नहीं करेगा हमला ईरान बोला- हमारे सख्त रुख के बाद खींचे कदम

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए दी गई समय सीमा सोमवार को बढ़ा दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका पांच दिन के लिए बिजली संयंत्रों पर हमले नहीं करेगा। इसके ठीक बाद ईरानी सरकारी टेलीविजन की स्क्रीन पर एक ग्राफिक में कहा गया, ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पीछे हटे।

एजेंसी ▶▶| दुबई/ तेहरान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' साइट पर पोस्ट में यह घोषणा की। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच 'बहुत अच्छी और सार्थक बातचीत' हुई है, जिससे युद्ध का 'पूर्ण और निर्णायक समाधान' निकल सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि बातचीत पूरे सप्ताह जारी रहेगी। ट्रंप ने कहा कि बिजली संयंत्रों पर हमला करने की उनकी धमकी को स्थगित करना चल रही बैठकों और चर्चाओं की सफलता पर निर्भर है। ट्रंप ने राजनयिक वार्ताओं के बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। ईरान ने दोनों देशों के बीच हुई किसी भी बातचीत की फिलहाल पुष्टि नहीं की है। ईरान के अर्द्धसैन्य बल ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ईरान ने समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछाने की दी धमकी

ईरान की रक्षा परिषद ने चेतावनी दी कि अगर जमीनी आक्रमण हुआ, तो वह 'पूरे फारस की खाड़ी' में समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछा सकता है। रक्षा परिषद का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब तेहरान में इस बात को लेकर चिंता बढ़ रही है कि अमेरिकी मरीन नौसैनिक क्षेत्र में तैनात किए जा सकते हैं। फारस की खाड़ी और तटीय इलाकों में पहुंच के सभी मार्गों को बारूदी सुरंगों से भर देने का कारण बनेगा। इस बीच, अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को ऊर्जा आपूर्ति के लिए फिर से खोलने की कोशिश कर रहा है।



### ईरान बोला- कोई बातचीत नहीं

ईरान की न्यूज एजेंसी ने बताया कि अमेरिका के साथ कोई सीधा या परोक्ष संपर्क नहीं है, भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में तेहरान के साथ "सार्थक" बातचीत के बारे में बयान दिया था। ट्रंप ने ईरान के पावर प्लांट को निशाना बनाने के अपने इरादे से कदम पीछे खींच लिए क्योंकि ईरान ने चेतावनी दी थी।

### इजरायल ने तेहरान पर किए हमले

सोमवार को इजराइल ने ईरानी राजधानी पर फिर से हमले शुरू किए। दोपहर में कई जगहों पर विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि किन-किन जगहों को निशाना बनाया गया। अधिकारियों का कहना है कि इजराइली हमलों में लेबनान में 1,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और 10 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि हमलों में मरने वालों की संख्या 1,500 से अधिक हो गई है।




### दो और भारतीय एलपीजी टैंकर ने पार किया होर्मुज

भारतीय ध्वज वाले दो और एलपीजी टैंकर युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर गए हैं और दो से ढाई दिन में भारतीय बंदरगाह पर पहुंचेंगे। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत जलडमरूमध्य को पार करने से पहले सोमवार सुबह फारस की खाड़ी से रवाना हुए। दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं। इन जहाजों पर लदी गैस देश में लगभग एक दिन की खाना पकाने की गैस की खपत के बराबर है। जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी मिली। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दोनों जहाज पर लगभग 92,000 टन एलपीजी है।

संकट पर संसद में बोले पीएम मोदी

## लंबे वक्त तक बने रहेंगे युद्ध के प्रभाव, कोरोना की तर्ज पर तैयार रहने की आवश्यकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल और ईरान के मध्य जारी युद्ध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में पश्चिम-एशिया के हालात पर एक विस्तृत बयान दिया। जिसमें उन्होंने मौजूदा चिंताजनक परिस्थिति के बीच कई महत्वपूर्ण तथ्य देश की आम-जनता के सामने रखे। दोपहर 2 बजे से सदन में शुरू हुए अपने लगभग ▶▶|शेष पेज 6 पर

### होर्मुज जलमार्ग बाधित करना अस्वीकार्य

प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक व्यक्तिगत रूप से क्षेत्र के कई शीर्ष नेताओं के साथ टेलीफोन पर हुई। इस दौरान मैंने संघर्ष को खत्म करने और नागरिक, ऊर्जा, यातायात से जुड़े बुनियादी ढांचों पर हमलों का कड़ा विरोध किया है। इसके अलावा भारत को वाणिज्यिक जहाजों पर हमला और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में रुकावट अस्वीकार्य है।

### 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक तेल रिजर्व

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत द्वारा ऊर्जा सुरक्षा में विविधता के लिए किए गए प्रयास आज अपना असर दिखा रहे हैं। पहले एलपीजी, एलएनजी जैसी ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए 24 देशों से आयात होता था। आज ये आंकड़ा बढ़कर 41 देशों तक पहुंच गया है। हमारे पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का सामरिक पेट्रोलियम रिजर्व मौजूद है। हम 65 लाख मीट्रिक टन से अधिक के रिजर्व की व्यवस्था पर काम कर रहे हैं।

अधिकारी आत्महत्या मामला

## पहले मंत्री पद से इस्तीफा अब गिरफ्तार हुए भुल्लर

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य भंडारण निगम के एक अधिकारी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी राज्य के पूर्व मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक लालजीत सिंह भुल्लर को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने अमृतसर में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि भुल्लर को फतेहगढ़ साहिब जिले के मंडी गोविंदगढ़ से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि भुल्लर को मंडी गोविंदगढ़ से अमृतसर लाया गया। उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।



### क्या है मामला

प्राथमिकी के अनुसार, 13 मार्च को रंधावा को पट्टी स्थित भुल्लर के आवास पर बुलाया गया, जहां उनके साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया गया और मारपीट की गई। कौर ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके पति को बंदूक का भय दिखाकर यह स्वीकार करने के लिए मजबूर किया गया कि उन्होंने गोदाम की निविदा किसी अन्य पार्टी को आवंटित करने के लिए 10 लाख रुपए लिए। तरनतारन के पट्टी से विधायक भुल्लर ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया है।

गैस रिसाव से अफरा-तफरी

## 'कोल्ड स्टोरेज' ढहने से चार श्रमिकों की मौत, 12 घायल

**प्रयागराज।** प्रयागराज जिले में गंगा नगर के फाफामऊ थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक 'कोल्ड स्टोरेज' के अचानक ढह जाने से चार श्रमिकों की मृत्यु हो गई, जबकि 12 श्रमिक घायल हो गए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया, कोल्ड स्टोरेज ढहने की घटना में अभी तक चार लोगों की मृत्यु हो चुकी है। 12 श्रमिक घायल हैं, जिनका इलाज एसआरएन अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग की टीम घटनास्थल से मलबा हटाकर लोगों की तलाश की गई है। पुलिस उपायुक्त कुलदीप गुनावत ने बताया कि फाफामऊ थाना क्षेत्र में एक 'कोल्ड स्टोरेज' अचानक भर भराकर ढह गया और उससे अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और पुलिस की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी रही। अग्निशमन विभाग की टीम गैस रिसाव रोकने की दिशा में काम कर रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में इस घटना पर दुख व्यक्ति करते हुए कहा है, इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित लोगों और उनके परिजनों के साथ मेरी सहानुभूति है।

## कोलंबिया में बड़ा हादसा: एयरफोर्स का प्लेन क्रैश, 110 सैनिक थे सवार


**बोगोटा।** अमेरिका के सबसे बड़े दुश्मनों में शुमार दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में बड़ा विमान हादसा हुआ है। कोलंबियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि सोमवार को देश के दक्षिणी हिस्से में एक लॉकहीड मार्टिन हरक्यूलिस सी-130 विमान एक दुर्घटना का शिकार हो गया। विमान में 110 सैनिक सवार थे। आशंका जताई जा रही है कि इस विमान दुर्घटना में बड़ी संख्या में सैनिकों की मौतें हुई हैं, हालांकि उनकी संख्या अभी तक अपुष्ट है। हादसे वाली जगह पर बचाव और राहत के काम युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं। बता दें कि वर्तमान में अमेरिका और कोलंबिया में तनाव चरम पर है। कोलंबिया के रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब विमान सैनिकों को लेकर प्यूर्टो लेगुइजामो से उड़ान भर रहा था। यह जगह कोलंबिया के दक्षिणी अमेजन क्षेत्र में पेरू की सीमा के पास स्थित है। उन्होंने कहा, पीड़ितों की सही संख्या और दुर्घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मुझे उम्मीद है कि इस भयानक दुर्घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ होगा, जो कभी होनी ही नहीं चाहिए थी। इस पोस्ट में उन्होंने सेना के आधुनिकीकरण की अपनी योजनाओं में देरी के लिए नौकरशाही की बाधाओं की आलोचना की। उन्होंने कहा, मैं अब और देरी बर्दाश्त नहीं करूंगा। हमारे युवाओं की जान दांव पर लगी है।

### ट्रक से टकराया विमान, पायलट और सह-पायलट की मौत

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के ला गार्डिया हवाई अड्डे पर रविवार रात लैंडिंग के दौरान एयर कनाडा का एक विमान रनवे पर दमकल विभाग के ट्रक से टकरा गया, जिसके चलते दो पायलटों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि भिड़ंत की वजह से विमान का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद 39 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को आसपास के विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से कुछ को गंभीर चोट आई है।

ला गार्डिया हवाई अड्डे पर हादसा





## चिंतन

# युद्ध के अल्पविराम को पूर्ण विराम में बदलने का वक्त

मध्य-पूर्व में तनाव के बीच हालात इस ओर इशारा कर रहे हैं कि अब बंदूकें खामोश होने को तैयार हैं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच हालिया तनाव में आया यह अल्पविराम महज एक रणनीतिक ठहराव नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन के लिए एक निर्णायक अवसर है। सवाल यह है कि क्या दुनिया इस मौके को पूर्ण विराम में बदल पाएगी, या फिर यह विराम अगली भीषण टकराहट का सिर्फ एक अंतराल बनकर रह जाएगा? इस संघर्ष ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक युद्ध अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनके झटके पूरी दुनिया को झकझोर देते हैं। तेल और गैस की कीमतों में उछाल ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की नब्ज पर सीधा प्रहार किया है। विकासशील देशों के लिए यह संकट और गहरा है, जहां महंगाई पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ रही है। ऐसे में यह युद्ध केवल तीन देशों का मसला नहीं, बल्कि पूरी मानवता के आर्थिक और सामाजिक संतुलन का प्रश्न बन चुका है। सामरिक दृष्टि से देखा जाए तो अमेरिका और इजराइल ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को गहरी चोट पहुंचाई है। उसके पूरे नेतृत्व को खत्म कर दिया। ईरान के कई रणनीतिक ठिकानों और आधारभूत ढांचे को ध्वस्त कर ईरान को करीब 20 से 25 साल पीछे धकेल दिया है। यह एक स्पष्ट संदेश है कि तकनीकी और सैन्य श्रेष्ठता आज भी निर्णायक भूमिका निभाती है। दूसरी ओर, ईरान ने भी अपनी जवाबी कार्रवाई से यह साबित कर दिया कि वह दबने वाला नहीं है। उसने न केवल अपने क्षेत्रीय प्रभाव को बनाए रखा, बल्कि सैन डियागो पर असफल हमला कर पश्चिमी देशों को यह चेतावनी भी दी कि किसी भी आक्रामक कदम की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यही वह बिंदु है, जहां यह युद्ध अपने "औचित्य" की सीमा पर पहुंच चुका है। जब दोनों पक्ष अपनी-अपनी ताकत का प्रदर्शन कर चुके हैं और एक-दूसरे को संदेश दे चुके हैं, तब संघर्ष को जारी रखना केवल विनाश को आमंत्रण देना होगा। युद्ध का उद्देश्य यदि राजनीतिक या सामरिक बढ़त हासिल करना था, तो वह काफी हद तक पूरा हो चुका है। अब आगे की लड़ाई केवल संसाधनों की बर्बादी और मानवता के खिलाफ अपराध बनकर रह जाएगी। ट्रंप द्वारा ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमले टालने का निर्णय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह फैसला दर्शाता है कि कूटनीति की खिड़की अभी बंद नहीं हुई है। पांच दिनों का यह ठहराव केवल सैन्य रणनीति नहीं, बल्कि संवाद के लिए एक संभावित दरवाजा है। हालांकि, ईरान द्वारा किसी भी बातचीत से इनकार और अपनी शर्तों पर अड़े रहना यह बताता है कि रास्ता अभी आसान नहीं है। ईरान की ओर से रखी गई शर्तें, अमेरिकी सैन्य ठिकानों का बंद होना, होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए नए नियम और मीडिया से जुड़े व्यक्तियों पर कार्रवाई स्पष्ट रूप से उसकी रणनीतिक सोच को दर्शाती हैं। यह केवल युद्धविराम नहीं, बल्कि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को अपने पक्ष में मोड़ने की कोशिश है। दूसरी ओर, अमेरिका और उसके सहयोगी इन शर्तों को स्वीकार करने की स्थिति में शायद ही हों। ऐसे में गतिरोध की स्थिति बनना स्वाभाविक है। फिर भी, इस पूरे घटनाक्रम का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि तनाव कम होते ही तेल की कीमतों में गिरावट आई है। अब समय आ गया है कि बारूद की भाषा को छोड़कर बातचीत की भाषा अपनाई जाए। युद्ध का यह अल्पविराम इतिहास के पन्नों में एक निर्णायक मोड़ बन सकता है, बशर्ते इसे समझदारी और दूरदृष्टि के साथ पूर्ण विराम में बदला जाए।



**विश्लेषण**
राज कुमार सिंह

> सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत ईरान के चार दर्जन शीर्ष नेताओं को अब तक मारने में सफलता के बावजूद वहां कठपुतली सरकार बनाने का अमेरिका-इजराइल का सपना अधूरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इच्छा के विपरीत ईरान ने खामेनेई के बेटे मोजतबा को ही अपना नया सर्वोच्च नेता चुना। मोजतबा ने युद्ध विराम से इनकार करते हुए साफ कर दिया है कि ईरानियों के खून का बदला लिया जाएगा और खाड़ी देशों से अमेरिकी सैन्य अड्डे नहीं हटे तो उन पर भी हमले जारी रहेंगे। ईरान को चंद दिनों में घुटनों पर ला देने का दम भरने वाले अमेरिका-इजराइल अब जंग खत्म होने तथा उसमें हो रही जन-धन हानि के सवालों से मुंह चुराने लगे हैं।

# दुनिया पर भारी पड़ता जंग का जुनून

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग का यह चौथा सप्ताह है, लेकिन शांति की कोशिशों के बजाय उसे भड़काने का जुनून ही सिर चढ़ कर बोल रहा है। जंग के पक्ष और सफलता को लेकर इन देशों के अपने-अपने तर्क और दावे हो सकते हैं, पर हकीकत डरावनी होती जा रही है। इस बीच अफवाह युद्ध भी जारी है। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के मर जाने या घायल होने का दावा अमेरिका और इजराइल कर रहे हैं तो जवाब में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौत का दावा किया जा रहा है।

सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत ईरान के चार दर्जन शीर्ष नेताओं को अब तक मारने में सफलता के बावजूद वहां कठपुतली सरकार बनाने का अमेरिका-इजराइल का सपना अधूरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इच्छा के विपरीत ईरान ने खामेनेई के बेटे मोजतबा को ही अपना नया सर्वोच्च नेता चुना। मोजतबा ने युद्ध विराम से इनकार करते हुए साफ कर दिया है कि ईरानियों के खून का बदला लिया जाएगा और खाड़ी देशों से अमेरिकी सैन्य अड्डे नहीं हटे तो उन पर भी हमले जारी रहेंगे। ईरान को चंद दिनों में घुटनों पर ला देने का दम भरने वाले अमेरिका-इजराइल अब जंग खत्म होने तथा उसमें हो रही जन-धन हानि के सवालों से मुंह चुराने लगे हैं। अमेरिका अब कन्फ्यूज्ड ज्यादा नजर आ रहा है।

कभी ट्रंप कहते हैं कि किसी देश की मदद नहीं चाहिए तो कभी गुहार लगाते हुए धमकाते हैं। अभी तक कह रहे थे कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज बंद होने से अमेरिका को फर्क नहीं पड़ता तो अब 48 घंटों में न खुलने पर भयावह परिणामों की धमकी दे रहे हैं। अपनी जवाबी कार्रवाई से चौंका रहे ईरान ने भी धमकी दे दी है कि अगर उसके ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया गया तो वह भी अमेरिका के मित्र खाड़ी देशों के ऊर्जा ही नहीं, पेयजल संयंत्रों को भी ठिकाना बनाएगा। ध्यान रहे कि इन देशों में उपलब्ध ज्यादातर जल खारा है, जिसे इन संयंत्रों में पीने योग्य बनाया जाता है। ईरान के नतांज परमाणु केंद्र को निशाना बनाया गया तो उसने भी इजराइल के डिमोना परमाणु केंद्र पर हमला करने में देर नहीं लगाई। विडंबना यह है कि जंग के इन जुनूनी बोलों के बीच शांति की समझदारी के सुर अभी तक कहीं से भी सुनाई नहीं पड़े हैं। याद रहे कि रूस और यूक्रेन युद्ध के सीमित दायरे के बावजूद युद्ध विराम की कोशिशें और दावे नजर आये थे। अनेक संघर्ष विराम का श्रेय लेते हुए अपने लिए शांति का नोबेल पुरस्कार मांगते रहे ट्रंप ने भी जल्द रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करवाने के दावे किए थे। उसी क्रम में उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को अमेरिका बुलाकर अपमानित किया तो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी कई बार बात की, लेकिन बात बनी नहीं और युद्ध चार साल बाद भी जारी है, जिसमें लगभग 18 लाख सैनिक और नागरिक मारे जा चुके हैं। इक्कीसवीं शताब्दी में विश्व व्यवस्था की विद्रूपता देखिए कि खुद को शांतिदूत बताने वाले ट्रंप ने ही इजराइल के साथ मिल कर ईरान पर हमले से खुद दुनिया को बड़ी जंग में धकेल दिया है। रूस और यूक्रेन



की तरह इजराइल-अमेरिका और ईरान के पास अपनी जंग को जायज ठहराने के तर्क हैं। इजराइल और ईरान अरसे से एक-दूसरे की आंखों में खटकते रहे हैं। अमेरिका भी ईरान के परमाणु कार्यक्रम का हौव्वा दिखा कर दुनिया को डराता रहा है। परमाणु कार्यक्रम तथा हमास, हूती और हिजबुल्लाह सरीखे आतंकी संगठनों को कथित ईरानी मदद के मुद्दे पर अमेरिका और ईरान में तीसरे देश में वार्ताएं भी चलीं। 26 फरवरी को जिनेवा में हुई वार्ता में ईरान परमाणु कार्यक्रम सीमित रखने पर राजी भी हो गया था, बशर्ते उसके विरुद्ध 1979 से लागू अंतराष्ट्रीय प्रतिबंध हटा लिए जाएं, जिनके चलते उसकी अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है।

आतंकी संगठनों को कथित मदद पर अगली वार्ता में बात आगे बढ़ पाती, उससे पहले ही इजराइल के साथ मिलकर अमेरिका ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला बोल दिया। अब जबकि ईरान ने मित्र देशों के अलावा सभी के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद कर दिया है, ट्रंप की मदद की गुहार उनके दोस्त देश भी नहीं सुन रहे। हाल के इतिहास में विश्व व्यवस्था में अमेरिका इतना अकेला कभी नहीं दिखा। बड़े सुरक्षा अधिकारी जो केंट द्वारा इस्तीफा देते हुए किए गए इस खुलासे ने भी ट्रंप को कठघरे में खड़ा कर दिया है कि अमेरिका को ईरान से कोई खतरा नहीं। खामेनेई शासन की कट्टर इस्लामी व्यवस्था के विरोध में ईरान में प्रदर्शन किसी से छिपे नहीं रहे। दमनचक्र के चलते हजारों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। अमेरिका और इजराइल को लगा कि खामेनेई के खात्मे के साथ ही असंतोष और मुखर हो जाएगा, जिसका फायदा उठाते हुए ईरान में कठपुतली सरकार बनवाकर अकूत तेल और गैस संसाधनों पर कब्जा कर लिया जाएगा।

खामेनेई के खात्मे के बाद ईरानियों से सड़कों पर निकल कर सत्ता पर कब्जा कर लेने का आह्वान भी किया गया, लेकिन विदेशी आक्रमण के चलते वह आंतरिक असंतोष भी बीते वक्त की बात लगता है। दशकों से अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध झेलने के बावजूद आधुनिकतम हथियारों से लैस अमेरिका और इजरायल को ईरान जंग में जैसा जवाब दे रहा है, लगता नहीं कि युद्ध जल्द समाप्त होगा। अमेरिकी सैन्य अड्डे वाले खाड़ी देशों को निशाना बनाने के साथ ही अमेरिका और इजराइल पर भी ईरान सीधे हमले कर चौंका रहा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट कितना गहरा सकता है, इसका संकेत इसी से मिल जाता है कि हाल तक भारत पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव बनाने वाला अमेरिका ही अब उस समेत तमाम देशों को रूस से कच्चा तेल खरीदने को कह रहा है। ईरान से तेल खरीद पर लगा प्रतिबंध भी कुछ समय के लिए हटा लिया गया है। तीन सप्ताह की जंग में ही कच्चे तेल और गैस की कीमतों में आया उछाल बेहद मुश्किल वक्त की आहट ही है, लेकिन जंग के जुनून के बीच शायद कोई उसे सुनना नहीं चाहता।

लंबी जंग से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाली मार आर्थिक मंदी का कारण भी बन सकती है। वैसे यह आपदा रूस और अमेरिका की तेल कंपनियों के लिए जबर्दस्त कमाई का अवसर बन गई है। पिछले महीने कच्चा तेल 52 डॉलर प्रति बैरल बेचने वाला रूस अब 100 डॉलर प्रति बैरल बेच रहा है। अंजाम तो समय बताएगा, लेकिन असर बता रहा है कि दुनिया का चौधरी बनने की सनक में ट्रंप ने दुनिया को ऐसी जंग में झोंक दिया है, जिससे निकलना तो मुश्किल होगा ही, उसके असर से बच पाना नामुमकिन होगा।

*( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जल संरक्षण

डॉ. शंकरलाल शास्त्री



# जल ही जीवन है, इसे बचाएं

जल है तो कल है। जल का ही दूसरा नाम जीवन भी है। प्रतिवर्ष जल दिवस के भी आयोजन होते हैं। चारों और बड़े-बड़े विज्ञापन छापे जाते हैं, जल दिवस के दिन जल बचाने की बात की जाती है पर क्या एक दिन के चिंतन और जागरूकता से हम कल के लिए जल बचा पाएँगे? प्रायः मैं अपने उद्बोधनों और लेखों में इस बात का उल्लेख करता आया हूँ कि घर में होने वाले हर मांगलिक कार्य में जल की पूजा की जाती है। यदि पिछले चार-पांच दशकों की बात करें तो स्मरण हो आते हैं वे दिन जब जलस्रोतों के थोड़े ही नीचे से जल बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाया करता था पर आज तो जल रसातल में भी रिक्त होते जा रहा है। धरती मां का यह अमृत का पर्याय कहा जाने वाला 'जल' हमारे प्राचीन वाड़्मय में देव रूप में न केवल पूजा का आधार है बल्कि हर शुभ कार्य में इसकी पूजा का भी विधान है।


हम बचपन में अपने बड़ों के साथ अपने पैतृक गांव से क़रीब बीस - तीस किलोमीटर दूर की पैदल यात्रा करते थे। मुझे स्मरण है एक पुराना प्रसंग। जब मेरे गांव के एक मार्ग में रामपुरा की नदी आती। नदी के बीचों-बीच एक जलस्रोत यानी जलकूप बना था। वहाँ रस्सी से बंधी काठडी से पानी निकालते और सभी लोग पीनी पीते। चूँकि उस दौर में लगभग आठ-दस हाथ नीचे ही नदियों जैसे स्थलों में पानी होता था। पानी निकाल कर हाथ से दोनों हथेलियों को जोड़कर पानी पीते। पानी इतना मीठा और स्वादिष्ट होता कि पीते ही सारी थकान दूर हो जाती। वैज्ञानिक संदर्भों ने भी सिद्ध किया है कि जल हमारी थकावट को दूर कर देता है। इसी तरह एक गांव से दूसरे गांव को जाते। मार्ग में शिव मंदिर और जलकुंड होते। वहाँ भी ऐसे ही पानी निकालते मात्र दो-तीन हाथ नीचे ही पानी होता। पानी पीकर बरगद बाबा के नीचे विश्राम करते फिर अगले पड़ाव के लिए रवाना होते। आज वे जलस्रोत वीरान और सूखे पड़े हैं। पानी रसातल में गया।

जैसे सूक्तियां हमारा पथ-प्रदर्शन करती हैं किन्तु वे ही सूक्तियां यदि नकारात्मकता की दृष्टि से लिखी जाएं तो वे जनमानस को निराश ही करती हैं ठीक वैसे ही जल ही हमारा कल है किन्तु यदि इसका अनावश्यक दोहन किया जाए तो यह देश के लिए घातक है। विश्व जल दिवस के मौके पर ही प्राचीन जल स्रोतों को देखने और जल स्रोतों को बचाने के लिए हम अपने पैतृक गाँव कुशालीराम ,किशोरपुरा के लिए निकल पड़े। जहाँ अपना बचपन बिताया था जिन जल स्रोतों का पानी पीकर हम बड़े हुए। जिन जल स्रोतों के पास बैठकर बचपन बिताया था तथा प्रकृति माँ की शरण में जी पाए। चार दशक पुराने उस कुएँ को भी देखा। हम स्कूल के छोटे-छोटे बाल सखा घर आते और कुएँ पर चरसा में पानी पीते। पानी कितना मीठा और पाचक होता था कहने की आवश्यकता नहीं। विश्व जल दिवस को गाँव के पुराने जल स्रोतों को देख मन उदास था। आज तीन - चार दशक पुरानी यादें ताज़ा होने लगी जब चारों ओर खेतों में हरियाली छाई रहती थी। अब चारों ओर सूखा ही सूखा नजर आ रहा था। जंगलों को भू-माफिया हथिया रहे हैं। शायद अब जन -जागृति से इसे बचाया जा सकता है। 'बिन पानी सब सून' के भाव को गौण कर लोग कूपों के जल को टैंकरों में भर -भर कर चांदी कूट रहे हैं। भुजबल, धनबल और अपने -अपने आकाओं की आड़ में इस धरती मां के अमृत को व्यर्थ नष्ट करने में लगे हैं। बचपन में हम रात्रि में जब घर के बाहर चारपाई डालकर सोते और पिताजी एवं बड़ों से जल बचाने की सीख भरी राजा-रानी के क़िस्से सुनते थे। उन कहानियों में छिपा एक गहरा संदेश भी हम सहजता से समझ जाते थे। खेतों में सिंचाई की जाती तो गर्मी के मौसम में रात्रि को सोते समय सुकून और शांति देने वाली हवा चला करती किंतु वे दिन अब कहाँ? आज कुएँ सूने और वीरान पड़े थे। पानी की बूँद-बूँद की सीख देने वाली दादी माँ और ममतामयी मां अब इस दुनिया में न थीं। उस कालखंड में गांव की चौपाल पर गांव के बुजुर्ग, पिताजी और चाचाजी कैसे जल शुद्धि के लिए हमें सिखाया करते थे। अब तो ये सब बच्चों को बताने के लिए हमें चित्रों के माध्यम से एक काल्पनिक सी फिल्म की पटकथा सी लिखनी होती है। हमारे बुजुर्ग वर्षा जल को एकत्रित करने के लिए हमें प्रेरित करते थे। वे हमें बचपन की गूँजती मधुर किलकारियाँ और पाटी-पोथी लेकर स्कूल जाते देख कितने ख़ुश होते थे। खुशहाल समय का आकलन अच्छी वर्षा और भरपूर जलस्रोतों से होता था। हम प्रकृति माँ की छाँव और जल देव का अमृत पान कर ही हम जीवन जी पा रहे हैं। क्यों न हम फिर से हमारे प्राचीन जल स्रोतों को बचाने और जल संरक्षण का संकल्प लें। आत्मा ख़ुशी से झूम उठेगी।

इसी विचार के साथ हमने अपने पैतृक गाँव में जल संरक्षण को लेकर विचार मंथन किया और वर्षा जल से पहले ही जल को संरक्षित करने की नीति से जुड़े पक्ष भी रखे। सच में यदि हम कल के लिए आज न चेते तो वह दिन दूर नहीं जब पानी की एक-एक बूँद के लिए हमें कोसों दूर तक पलायन करना होगा। ऐसी स्थिति आज बहुत से स्थानों पर आ चुकी है। घर-घर जल मिशन कब शुरू होगा यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा है। पिछले सात वर्षों से हमारे घर के नल में पानी की एक बूँद भी नसीब नहीं। टैंकरों की मनमर्ज़ी के अनुसार पैसे देकर पानी पीते हैं। हमें जल बचाने के लिए जल स्रोतों को संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा। मैंने गांव के क़रीब उस जोहड़ को भी देखा जब गर्मी की छुट्टियों में बचपन में हम गायें चराया करते थे। गायें जंगल में चरकर जोहड़ में छक कर पानी पीतीं। आज पानी न के बराबर था। हमारी संस्कृति में कुओं को धार्मिकता से जोड़ा गया है। पहले कुएँ खुदवाए जाना और बनवाना बहुत सम्मान की बात मानी जाती थी। भगवान भास्कर की किरणें कुओं में समाए जल में पड़ती। हम स्वस्थ रहते थे। आज गिरता भूजल स्तर चिंता का विषय है इसे हमें संरक्षित करना ही होगा।

*-लेखक वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार हैं।*

## सारे जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है



संकलित
**दर्शन**

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है।

## दान की बड़ी महिमा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## रामनवमी की तैयारी



राम नवमी पर्व से पहले हैदराबाद में सोमवार को एक कलाकार भगवान राम की मूर्ति को अंतिम रूप देता हुआ।

## आज की पाती

### ईरान की नीति और ऊर्जा संकट

दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार की एक महत्वपूर्ण धुरी हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य है। यह एक अत्यंत संकीर्ण जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को खुले समुद्र से जोड़ता है। इसी मार्ग से दुनिया के लगभग एक-चौथाई तेल और गैस का परिवहन होता है। ऐसे में ईरान द्वारा इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाज़ों पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव केवल एक आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति, अंतरराष्ट्रीय कानून और ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम ऐसे समय में सामने आया है जब पूरी दुनिया पहले से ही ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रही है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे देश इस मार्ग पर अत्यधिक निर्भर हैं। बहरहाल, यह लड़ाई अब बातचीत के जरिए खत्म होनी चाहिए। *- प्रवीण ठाकुर, दुर्ग*

## ट्रेंड

### लोहिया को श्रद्धांजलि



डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। वे एक बहुमुखी व्यक्तित्व थे जिन्होंने औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध जन आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारत की प्रगति में योगदान दिया। लैंगिक समानता और सहभागी शासन पर उनके विचार भी उतने ही उल्लेखनीय हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### कच्चे तेल का भंडारण



बीते दशक में भारत ने संकट के ऐसे ही समय के लिए कच्चे तेल के भंडारण को भी प्राथमिकता दी है। आज भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्व है और 65 से अधिक की व्यवस्था पर देश काम कर रहा है।
**- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### प्रेरणा स्रोत



महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीद दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। देश के लिए बेखौफ लड़ते हुए उनका संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान हर भारतवासी के लिए प्रेरणा स्रोत है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता



नया उत्तर प्रदेश कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति को अपना रहा है। पुच एआई के साथ 25,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन से राज्य में एआई पार्क, बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर अवसंरचना, एआई कॉमन्स और एक एआई विश्वविद्यालय स्थापित होंगे।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

## करंट अफेयर

# व्हाइट हाउस के समीप स्थापित की गई कोलंबस की प्रतिमा



इतालवी खोजकर्ता क्रिस्टोफर कोलंबस की एक प्रतिमा को अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस के पास स्थित आइजनहावर सरकारी कार्यालय परिसर में स्थापित किया गया है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा इस कथित विवादित खोजकर्ता को सम्मान देने के प्रयास का हिस्सा है। यह उस प्रतिमा की प्रतिकृति है, जिसे 2020 में ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान देशभर में संस्थागत नस्लवाद के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के बीच बाल्टीमोर के बंदरगाह में फेंक दिया गया था। ट्रंप पारंपरिक रूप से कोलंबस को 1492 के उस अभियान के नेता के रूप में देखते हैं, जिसे अमेरिका में यूरोपीय उपनिवेशवाद की अनौपचारिक शुरुआत और आधुनिक आर्थिक-राजनीतिक व्यवस्था के विकास का आधार माना जाता है। हालांकि, हाल के वर्षों में कोलंबस को पश्चिमी यूरोप द्वारा 'न्यू वर्ल्ड' उसके संसाधनों और मूल निवासियों के दमन और शोषण के प्रतीक के रूप में भी देखा जाने लगा है। 'न्यू वर्ल्ड' से तात्पर्य अमेरिका (उत्तरी, दक्षिणी और मध्य अमेरिका) और आसपास के द्वीपों से है व्हाइट हाउस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'इस व्हाइट हाउस में क्रिस्टोफर कोलंबस एक नायक हैं और राष्ट्रपति ट्रंप यह सुनिश्चित करेंगे कि आने वाली पीढ़ियों तक उन्हें इसी रूप में सम्मानित किया जाए।'

## ऑफ बीट

# खटमल एक वैश्विक समस्या इसके बारे में जानकारी कम



खटमल छोटे, उड़ने से लाचार कीड़े होते हैं जो मानव रक्त पर जीते हैं। कई प्रजातियां हैं, लेकिन सबसे अधिक लोगों को जिस प्रजाति का पता है वह साइमेक्स लेक्टुलरियस है। रोमनों ने उन्हें साइमेक्स कहा, जिसका अर्थ है बग। 1758 में बहुत बाद में प्राकृतिक इतिहासकार कार्ल लिनिअस ने इनके नाम के साथ 'लेक्ट्युलरियस' को जोड़ा, जिसका अर्थ है बिस्तर या सोफा। हमारा रक्त उनके पोषण का मुख्य स्रोत है, लेकिन वह जीने के लिए अन्य जानवरों का खून भी पीते हैं, जैसे पक्षियों, पालतू जानवरों और चमगादड़ों आदि का। खटमल में एक जटिल आंत माइक्रोबायोटा होता है, जो उन्हें हमारे रक्त से आवश्यक सभी पोषक तत्वों को निकालने में मदद करता है। किशोरों को एक जीवन चरण से दूसरे में विकसित होने के लिए रक्त भोजन की आवश्यकता होती है - इसलिए, वयस्क बनने के लिए, प्रत्येक खटमल को कम से कम पांच रक्त भोजन की आवश्यकता होगी। वयस्क खटमल, हालांकि, भोजन के बिना पूरे वर्ष जीवित रह सकते हैं। वे उड़ नहीं सकते। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, चलने से वह बहुत दूर नहीं जा सकते, लेकिन यह घर में हर तरफ फैल जाते हैं। और खटमल ज्यादा दूर तक जाने के लिए इनसानों का इस्तेमाल करते हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com



# केरल में भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन रैली में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

## बोले- केरल में परिवर्तन का समय आ चुका है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय केरल में कोट्टायम जिले के चेंगन्नूर एवं अरनमुला विधानसभा क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की नामांकन रैलियों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दोनों विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से संवाद करते हुए भाजपा के पक्ष में वातावरण को मजबूत किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने चेंगन्नूर से भाजपा प्रत्याशी एमवी गोपाकुमार एवं अरनमुला से श्री कुम्मनम राजशेखरन के समर्थन में आयोजित नामांकन रैलियों को संबोधित करते हुए कहा, यह विधानसभा चुनाव केरल की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत का अवसर है। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया कि केरल में अब बदलाव की आवश्यकता महसूस की जा रही है और जनता एक सशक्त विकल्प की ओर देख रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में स्थापित सुशासन, पारदर्शिता और विकास का जो मॉडल विकसित हुआ है, उसने पूरे देश में विश्वास का वातावरण तैयार किया है और उसी का प्रभाव अब केरल में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों और कार्यशैली ने आम जनता के मन में भरोसा पैदा किया है। उन्होंने कहा, चेंगन्नूर सहित पूरे केरल में भाजपा के प्रति जनसमर्थन लगातार बढ़ रहा है और यह उत्साह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक प्रदर्शन करने जा रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और जनता का विश्वास मिलकर एक सकारात्मक माहौल तैयार कर रहे हैं। अरनमुला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह चुनाव केरल की राजनीति में एक निर्णायक मोड़ साबित होगा।

# हाईकोर्ट ने पटवारी पदोन्नति मामले में शासन को निर्णय लेने दिया आदेश



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने पटवारियों द्वारा पदोन्नति की मांग संबंधी दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य शासन को नोटिस जारी 60 दिनों के भीतर याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर विधि अनुरुप निर्णय लेने का निर्देश दिया है। इस बीच याचिकाकर्ता को सक्षम अधिकारी समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने कहा गया है, जिसके लिए कोर्ट ने 15 दिनो का समय दिया है।

- पटवारी से राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति मामला

हाईकोर्ट ने पटवारी से राजस्व निरीक्षक पद पदोन्नति की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य शासन को नोटिस जारी कर 60 दिनों के भीतर अभ्यावेदन पर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने पटवारी से राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य शासन व राजस्व विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी कर पात्र कर्मचारियों के मामले में विधि अनुरुप विचार कर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि लंबे समय से सेवा देने के बावजूद वरिष्ठता के आधार पर प्रमोशन से वंचित पटवारियों के दावों की अनदेखी नहीं की जा सकती। याचिकाकर्ता ने अपने अधिवक्ता अनुकूल विश्वास के माध्यम हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पदोन्नति की मांग की है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया ये सभी याचिकाकर्ता 25 साल से अधिक समय से पटवारी के रूप में कार्यरत हैं। वरिष्ठता के आधार पर विभाग ने याचिकाकर्ताओं को राजस्व निरीक्षक प्रशिक्षण सूची में चयनित करने के साथ ही सूची में शामिल कर लिया है। इसके बावजूद उन्हें पदोन्नति नहीं दी गई। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया इनकी वरिष्ठता को दरकिनार करते हुए राज्य सरकार ने सेवा में कनिष्ठ पटवारियों को पदोन्नति दे दी है। यी सीधे तौर पर राज्य शासन द्वारा बनाए गए मापदंड और निर्देशों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता व राज्य शासन के विधि अधिकारी के तर्को को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को विभाग के समक्ष अधिकारी के समक्ष 15 दिनों के भीतर याचिकाकर्ताओं के पदोन्नति पर विचार करते हुए कारण सहित आदेश जारी करने का निर्देश शासन को दिया है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि कोर्ट द्वारा मामले के मेरिट पर कोई अंतिम टिप्पणी नहीं की गई है। सक्षम प्राधिकारी स्वतंत्र रूप से नियमों के अनुसार निर्णय लेगा।

# डेंटिस्ट और सेवानिवृत्त अफसर से ऑनलाइन 38 लाख की ठगी

## स्क्रीन शेयर करते ही मोबाइल एक्सेस कर आहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राजेंद्र नगर थाना में पेशे से एक डेंटिस्ट तथा सिंचाई विभाग के एक सेवानिवृत्त अफसर ने अज्ञात के खिलाफ साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

- डेंटिस्ट को शेयर ट्रेडिंग में लाभ का झांसा देने एक लाख रुपए का मुनाफा दिया
- दोनों ठगी की घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की

जालसाजों ने डेंटिस्ट को शेयर बाजार में निवेश करने पर भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर 37.50 लाख रुपए ठगी की है। सेवानिवृत्त अधिकारी ने अज्ञात के खिलाफ पेटीएम अफसर बनकर 70 हजार रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। पचपेड़ीनाका, आम्रपाली सोसाइटी निवासी डॉ. गुलाबचंद बैज ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। गुलाबचंद ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात लोगों ने उसे टेलीग्राम में मैसेज भेज कर एक वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा। डॉक्टर को ग्रुप में जोड़ने के बाद जालसाजों ने उसे शेयर बाजार में भारी मुनाफा मिलने का झांसा देते हुए शेयर बाजार के बारे में ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर चलाने का झांसा दिया। डॉक्टर का विश्वास जीतने जालसाजों ने डॉक्टर से एक छोटी राशि शेयर बाजार में निवेश कराकर एक लाख रुपए लौटाए। इसके बाद जालसाजों ने डॉक्टर से अलग-अलग किस्तों में 38.50 लाख रुपए निवेश कराकर ठगी की।

### कस्टमर केयर की आड़ में ठगी

अमलीडीह निवासी रिटायर्ड सिंचाई अधिकारी रवि प्रकाश सोनी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। रवि प्रकाश ने पुलिस को बताया है कि पेटीएम वैलेट में फंसे पैसे निकालने के लिए उसने 9 मार्च को गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। सर्च में मिले नंबर पर कॉल करने पर सामने वाले ने खुद को पेटीएम का कर्मचारी बताया और रवि प्रकाश को व्हाट्सएप पर स्क्रीन शेयर करने को कहा। रवि प्रकाश ने जैसे ही अपने मोबाइल का स्क्रीन शेयर किया, ठग ने सेवानिवृत अफसर के मोबाइल का एक्सेस ले लिया और उनके यूनियन बैंक खाते की जानकारी हासिल कर सेवानिवृत्त अधिकारी के अकाउंट से रुपए आहरण कर ठगी का शिकार बनाया।

### 49 प्रभावित किसानों ने दायर की है याचिका

# कोल ब्लॉक का माइनिंग प्लान प्रस्तुत करने हाई कोर्ट के निर्देश

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की खंडपीठ ने राज्य शासन को रायगढ़ जिले में जिंदल स्टील को आवंटित कोल ब्लॉक गारे 4/6 का माइनिंग प्लान दो सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि कोलब्लॉक भूमि अधिग्रहण से प्रभावित चंदन सिंह सिदार समेत 49 किसानों के द्वारा याचिका दाखिल करके भू राजस्व संहिता की धारा 247 को संवैधानिक ठहराने की मांग की गई थी क्योंकि इसमें नया भूमि अधिग्रहण कानून आने के बाद भी भूमि अधिग्रहण के लिए उपयोग किया जा रहा है जो कि संविधान के अनुसार अब नहीं किया जा सकता। याचिका कर्ताओं ने याचिका में बताया है की नए भूमि अधिग्रहण कानून में बहुत से प्रावधान किसानों के हितों की रक्षा करते हैं जिसमें सामाजिक प्रभाव अध्ययन पुनर्वास और पुनर्स्थापना की विस्तृत योजना यह सब चीज भू राजस्व संहिता की धारा 247 में नहीं है। इसी कारण भू राजस्व संहिता के तहत साथी अधिकार अधिकरण से किसानों को कई तरह का नुकसान होता है और साथ ही अधिकार के नाम पर भूमि अधिग्रहण कर लिया जाता है।राज्य शासन में अपने जवाब में यह कहा था कि इस अधिग्रहण को भूमि अधिग्रहण नहीं माना जा सकता और यह केवल साथ ही अधिकार का अधिग्रहण है जिसे खनन पश्चात भूमि को वापस किया जाएगा। हालांकि ऐसा कहते हुए राज्य शासन ने कोई समय सीमा या भूमि वापसी की कोई योजना प्रस्तुत नहीं की थी।खंडपीठ ने राज्य सरकार को खदान का माइनिंग प्लान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जिससे के यह साफ हो सके तो किस वक्त कौन सी जमीन खनन से मुक्त हो जाएगी और वापस की जा सकती है । मामले की अगली सुनवाई 2 सप्ताह बाद होगी।

# आवारा पशुओं के सड़क पर जमावड़ा मामले में सुको के निर्णय का इंतजार

सड़क में आवारा पशुओं के जमावड़े को लेकर पेश जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अब सुप्रीम कोर्ट के उस निर्णय का इन्तजार करने का निश्चय किया है, जिसमें शीर्ष अदालत ने आवारा कुत्तों के संबंध में सुनवाई पूरी कर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में मई माह में अगली सुनवाई निर्धारित की है।

- जनहित याचिका पर अगली सुनवाई मई माह

छत्तीसगढ़ की सड़कों पर बढ़ते आवारा मवेशियों को लेकर संजय रजक और राजेश चिंकारा ने अलग- अलग जनहित याचिकाएं पेश की थी। हाईकोर्ट ने सडकों पर पशुओं के कारण और उन्हें कुचले जाने को लेकर भी संज्ञान लिया था। इस पर लंबे समय से चल रही सुनवाई में एनएचएआई के वकील ने यह सुझाव भी दिया था कि पशुओं पर एक टेग लगाकर उनके मालिक और इस बारे में पूरी जानकारी का उल्लेख किया जा सकता है। इसके बाद नगर निगमों और स्थानीय पालिका परिषदों ने इस दिशा में काम करने की बात कही थी। इससे पूर्व सुनवाई में हादसों पर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई और साफ शब्दों में कहा था कि आप लोग योजनाएं और ड्राफ्ट बनाते हैं, लेकिन उन्हें जमीन पर लागू कौन कर रहा है। सड़कें अंधेरे में डूबी हैं, हादसे बढ़ रहे हैं और सिर्फ रिपोर्ट भरकर खानापूर्ति की जा रही है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का सख्ती से पालन किया जाए, क्योंकि योजनाओं की घोषणा तब तक बेकार है जब तक सड़क पर हादसे नहीं रुकते। आज सोमवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में जब मामला सुनवाई में आया, तब कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में आवारा कुत्तों के सबंध में हुई अंतिम सुनवाई के बाद बेंच ने आदेश सुरक्षित रखा है। इस मामले में शीर्ष न्यायालय का फैसला आ जाने के बाद ही आवारा पशुओं के बारे में हम सुनवाई करेंगे। इसके साथ ही कोर्ट ने आगामी मई माह में अगली सुनवाई निर्धारित की है। इस समय तक कोर्ट मानिटरिंग करता रहेगा।

# 55 लाख का जुर्माना खदान संचालन बंद

## ब्लास्टिंग के बाद स्कूल तक पत्थर गिरा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज उड़नदस्ता दल एवं राजस्व अमले ने एक बड़ी कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेसर्स टी. रमेश निवासी भद्राचलम तेलंगाना का ग्राम जावंगा तहसील गीदम स्थित खसरा क्रमांक 287, रकबा 1.40 हेक्टेयर में साधारण पत्थर खदान का पट्टा 1 मार्च 2013 से 31 मार्च 2033 तक स्वीकृत है। 18 फरवरी 2026 को खदान क्षेत्र में ब्लास्टिंग किया गया। जिसका प्रभाव खदान से लगभग 500 मीटर दूर स्थित प्राथमिक शाला बड़े पनेरा (कोसापारा) तक देखा गया, जहां पत्थर गिरने की पुष्टि हुई।

- जांच में 10,800 घन मीटर साधारण पत्थर का अवैध उत्खनन पाया गया

घटना के बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गीदम, तहसीलदार गीदम एवं खनिज अमले द्वारा संयुक्त जांच की गई। जांच के दौरान खदान संचालक एवं ब्लास्टर मौके पर उपस्थित नहीं पाए गए तथा ब्लास्टिंग से संबंधित वैध दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए गए। साथ ही खदान क्षेत्र के सीमा चिन्ह भी सुरक्षित रूप से स्थापित नहीं पाए गए। सीमांकन प्रतिवेदन के अनुसार स्वीकृत खदान क्षेत्र से बाहर पूर्व दिशा में 0.18 हेक्टेयर भूमि पर अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया। जांच में लगभग 10,800 घनमीटर साधारण पत्थर का अवैध उत्खनन सामने आया।

# सीमेंट प्लांट के गार्ड ने नाबालिग को जमकर पीटा, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



जिले के ग्राम रवान स्थित सीमेंट प्लांट में एक सिक्योरिटी गार्ड द्वारा नाबालिग बच्चे के साथ कथित बर्बरतापूर्वक मारपीट का मामला सामने आया है।

- परिजनों ने लगाया दबाव और प्रलोभन देकर मामला दबाने का आरोप

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें गार्ड द्वारा बच्चे को पटक-पटक कर मारते देखा जा रहा है।

घटना के बाद पीड़ित बच्चे के परिजन सिटी कोतवाली थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। परिजनों के अनुसार, सुरक्षा गार्ड ने बच्चे के साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल नाबालिग को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और उपचार जारी है। घटना सामने आने के बाद मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि कुछ जनप्रतिनिधि और कंपनी से जुड़े लोग उन्हें प्रलोभन देकर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही गांव के कुछ लोगों द्वारा थाना न जाने के लिए धमकी दिए जाने की भी बात कही गई है।

### आरोपी गिरफ्तार

सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार 22 मार्च की रात सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए ग्राम रवान निवासी कार्तिक साहू की शिकायत पर धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) के तहत आरोपी श्रीराम पाण्डेय 33 वर्ष, सिक्योरिटी गार्ड, सीमेंट संयंत्र रवान को गिरफ्तार कर लिया है। सीमेंट संयंत्र के प्रवक्ता ने बताया की गार्ड निजी सुरक्षा एजेंसी जीडी एक्स का कर्मचारी था। सुरक्षा एजेंसी को ब्लैक लिस्ट कर उसका अनुबंध निरस्त कर दिया है। सीमेंट संयंत्र द्वारा पीड़ित घायल बालक का इलाज एवं देखरेख की जा रही है।

# छात्राओं के साथ बेड टच, शिक्षक निलंबित

**जगदलपुर।** कोंडागांव के जिला शिक्षा अधिकारी ने 17 मार्च को संयुक्त संचालक शिक्षा को सूचना प्रेषित किया था जिसमें छात्राओं के साथ बेड टच करने वाले शिक्षक को 14 मार्च को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जेडी हेतराम सोम ने बताया कि कोंडागांव जिले के पूर्व माध्यमिक शाला पिटेचुआ विकासखंड बड़ेराजपुर का शिक्षक अमीरलाल नेताम ने छात्राओं के साथ असुरक्षित स्पर्श कर अमर्यादित व्यवहार की है। शिक्षक के खिलाफ विभिन्न धाराओं तथा पास्को एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि 48 घंटे से अधिक समय तक जेल में परिरूद्ध होना छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 में निहित प्रावधानों के विपरीत है। इसलिए उन्हें निलंबित कर विकासखंड शिक्षा कार्यालय कोंडागांव में मुख्यालय नियत किया गया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ी गड़बड़ी, जिस खसरा नंबर की जमीनों पर आवास स्वीकृत वह एनआरडीए की निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नवा रायपुर क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 115 आवासों को स्वीकृति देने के मामले में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है।

- भौतिक सत्यापन के बाद स्वीकृत 115 मकानों के निर्माण पर एनआरडीए ने लगाई रोक

ग्रामों में आवेदनों के आधार पर जिस जमीन पर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कराने के लिए स्वीकृति दी गई है, वह जमीन शासकीय निकली, जिसे शासन पहले ही एनआरडीए को हस्तांतरित कर चुका है। इसके बाद भी वित्तीय वर्ष 2025-26 में इन जमीनों पर 115 लोगों को आवास बनाने की अनुमति दे दी गई है।

### आधा दर्जन से अधिक ग्रामों में स्वीकृत किए गए थे आवास

एनआरडीए द्वारा एसडीएम अभनपुर को जारी किए गए पत्र के अनुसार अभनपुर तहसील अंतर्गत भेलवाडीह, बेंदरी, केंद्री, चेरिया, बंजारी, उपरवारा, पचेड़ा एवं झांकी गांव में रहने वाले 115 लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए वित्तीय वर्ष 2025 में आवेदन किया था। इन आवेदनों के आधार पर लोगों की पात्रता के साथ जमीन की जांच भी की गई थी, क्योंकि इस योजना का लाभ वे ही लोग ले सकते हैं, जिनके खुद के नाम या परिवार के किसी अन्य सदस्य के नाम पर जमीन हो। इस पात्रता को देखते हुए ही 115 लोगों को आवास योजना का लाभ देने आवास स्वीकृत किए गए थे।

इसका खुलासा तब हुआ, जब एनआरडीए ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए स्वीकृत जमीनों के खसरा नंबरों का भौतिक सत्यापन कराया। इसमें यह सभी जमीन उसके अधीन पाई गई है। इसके मद्देनजर एनआरडीए ने उक्त आवासों के निर्माण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने से संबंधी आदेश जारी किया है। एनआरडीए के इस आदेश के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों का निर्माण करा रहे लोगों की चिंता बढ़ गई है कि उनके खुद के मकान का सपना पूरा हो पाएगा या नहीं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत किए गए 115 लोगों में कईयों को पहली किस्त भी जारी हो चुकी हैं। किस्त की राशि मिलने के बाद लोगों ने मकान का निर्माण कराना भी शुरू कर दिए हैं। कई लोग तो पहली किस्त के अनुसार आवास निर्माण का कार्य भी पूरा करा चुके हैं। ये लोग अब दूसरी किस्त जारी होने का इंतजार कर रहे हैं।



# इस हफ्ते आएगा रायपुर में दो आईपीएल मैच का दूसरा शेड्यूल, स्टेडियम में वीआईपी के लिए बढ़ेंगी सीटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आईपीएल का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है और इसी के साथ रायपुर में होने वाले दो मैचों की तारीखों को लेकर बना सस्पेंस भी इस हफ्ते खत्म हो जाएगा। आईपीएल के मैचों का दूसरा शेड्यूल इसी हफ्ते जारी होने वाला है, जिससे यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगा कि रायपुर के मैदान पर आरसीबी के साथ कौन सी टीम खेलने वाली है।

वर्तमान टाइम टेबल और संभावनाओं के मुताबिक आरसीबी के साथ मुकाबला करने के लिए राजस्थान रॉयल्स, हैदराबाद या चेन्नई की टीम रायपुर आ सकती है और पूरी उम्मीद है कि



ये मैच 25 अप्रैल के बाद ही आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले बीसीसीआई ने 11 मार्च को फेज 1 का शेड्यूल जारी किया था, जिसमें 28 मार्च से 12 अप्रैल के बीच होने वाले केवल 20 मैचों को शामिल किया गया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने यह तय किया है कि इस बार भी टूर्नामेंट में कुल 74 मैच ही खेले जाएंगे। शुरुआती शेड्यूल में कम मैचों की घोषणा का मुख्य कारण विधानसभा चुनावों की तारीखों का इंतजार था। अब जबकि चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है, तो उन राज्यों में जहां आईपीएल मैच होने हैं, वोटिंग के दिनों में कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। इसी वजह से चेन्नई में 23 अप्रैल, कोलकाता में 23 और 29 अप्रैल, और गुवाहाटी में 9 अप्रैल को कोई मैच नहीं होगा। इस सीजन का पहला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

## सुरक्षा और दर्शकों की सुविधा पर विशेष जोर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के मुताबिक, अप्रैल के अंत में रायपुर को दो मैचों की मेजबानी मिलने की पूरी उम्मीद है। आईपीएल का दूसरा शेड्यूल जारी होने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मैनजेमेंट टीम एक बार फिर रायपुर आएगी और स्टेडियम में चल रही तैयारियों का जायजा लेकर अपनी अंतिम रूपरेखा तैयार करेगी। इस बार के आईपीएल में दर्शकों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा गया है। पिछली बार चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ की घटना से सबक लेते हुए, आरसीबी प्रबंधन इस बार दर्शकों के लिए ऐसी पुख्ता और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दे रहा है जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या भगदड़ की स्थिति पैदा न हो। रायपुर में भी भारी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मैच देखने पहुंचते हैं, जिसे देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। विशेष रूप से स्टार खिलाड़ी विराट कोहली की लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए उनकी सुरक्षा व्यवस्था बेहद तगड़ी रखी जाएगी।

## स्टेडियम में बढ़ेंगी वीआईपी सीटें

आगामी मैचों के दौरान दर्शकों के लिए वीआईपी सुविधाओं में इजाफा होने जा रहा है। गोल्ड और प्लैटिनम श्रेणी की सीटों में पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी, जिससे मैच देखने का अनुभव और भी शानदार हो जाएगा। वीआईपी सीटों की संख्या बढ़ाने की तैयारी में है, जिसके तहत गोल्ड और प्रीमियम टिकट वाली सीटों की संख्या जल्द ही बढ़ाई जाएगी ताकि ज्यादा से ज्यादा दर्शक इन श्रेणियों में मैच का लुत्फ उठा सकें। हालांकि स्टेडियम की वर्तमान बैठक व्यवस्था में नई सीटें जोड़ने की गुंजाइश काफी सीमित है, फिर भी आधा दर्जन से अधिक नई सीटों की विशेष व्यवस्था बनाने पर काम कर रहा है। इसके साथ ही वीआईपी मेहमानों के लिए निर्धारित सीटों की संख्या में भी बढ़ोतरी की जाएगी, ताकि खास अतिथियों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान और बेहतर इंतजाम सुनिश्चित किए जा सकें।

# कई जिलों में अब तक नहीं बनी कांग्रेस जिलाध्यक्षों की कार्यकारिणी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को तीन माह से अधिक बीत चुके हैं। जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद कार्यकारिणी का गठन कुछ जिलों में ही हो पाया है। कई जिलों में अब तक नई कार्यकारिणी नहीं बन पाई है। जिलों के बाद मंडल और बूथ स्तर पर कार्यकारिणी का गठन होना है। कांग्रेस संगठन के एक दर्जन जिलाध्यक्षों ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। कार्यकारिणी गठन से पहले ब्लॉक, बूथ और मंडल स्तर पर अध्यक्षों की घोषणा पूरी होने के बाद सभी की बैठक लेकर आपसी समन्वय से कार्यकारिणी तय की जानी है। अब कई जिलों में पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नई कार्यकारिणी बनाने पर विचार चल रहा है। जिला अध्यक्षों को दिल्ली में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया था, उसके बाद उन्हें 10 दिन का प्रशिक्षण देना था, जो अब तक नहीं हो पाया है। इसके चलते जिला अध्यक्ष अब तक काम ही शुरू नहीं कर पाए हैं। शहरी इलाकों में जिला अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर राज्य सरकार और स्थानीय सत्ता के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। जो सीधे तौर पर संगठन को मजबूत करने के प्रयासों को सीधे तौर पर शामिल नहीं किया जाएगा। ऐसे में उनका परफार्मेंस का आंकलन सीधे तौर पर नहीं गिना जाएगा।

# एक लाख उपभोक्ताओं के बकाया बिजली बिल का समाधान पंजीयन में ही मिले ढाई करोड़

**रायपुर।** प्रदेश के 28 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं के बकाया बिल का निराकरण करने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री बिजली बिल बकाया भुगतान समाधान योजना का प्रारंभ किया गया है। इस योजना में दस दिनों में ही एक लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं के बकाया बिल का समाधान किया गया। इनमें से 72 हजार जहां बीपीएल वर्ग के उपभोक्ता हैं, वहीं एपीएल वर्ग के 24 हजार से ज्यादा उपभोक्ता शामिल हैं। इन उपभोक्ताओं से पंजीयन में ढाई करोड़ मिल गए हैं।


## TRN Energy Pvt. Ltd

Regd. Office: 18 Vasanta Enclave, Rao Tula Ram Marg, New Delhi – 110057
Corporate Office: 7th Floor, Corporate Tower, Ambience Mall NH-8, Gurgaon-122002 (Haryana)
Ph: 0124-2719000,Fax: 0124-2719185
Email: trnenergy@acbindia.com; info@trnenergy.com

**Invitation of Bids**

Date- 23.03.2026

TRN Energy Pvt. Ltd. is having 2x300MW Coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO:- Nawapara (Tenda), Tehsil: Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The plant site is well connected with Road Network. Nawapara (Tenda) is on Chhal-Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42KM away from Raigarh and 32KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

M/s TRN Energy Pvt. Ltd. invites bids from reputed and experienced vendors for the below mentioned works:

| Sl. No. | Description of the Job | Tender ID | Last date of Bid submission |
|---|---|---|---|
| 1 | Annual O&M services For CHP & AHP at 2x300 MW TRN Energy TPP,Raigarh,Chhattisgarh | 1056 | 10.04.2026 @ 14.00 Hrs |

Detailed of the scope of work, Terms and conditions are furnished in the NIT document. Please visit web site **https://eprocurement.mjunction.in/epspropartner/openarea/tender-list** and refer respective tender Ids for qualifying criteria and other details. The complete offer along with technical details should be submitted by the bidder on-line on Mjunction website as per the timeline mentioned in the above table.

**Contact details:**
**Name: Sunil Kumar**
**Contact No. 9868392867**
**Email Id: sunil.kumar@acbindia.com**



## छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

क्रमांक / 1495/ भवन / 2026 रायपुर, दिनांक 20/3/2026

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर के पुराना भवन, एकीकृत भवन के भू-तल/ प्रथम तल भाग, नवीन स्ट्रॉंगरूम भवन, डाटा भवन, परीक्षा कक्ष, सम्पूर्ण कार्यालय परिसर, मेन गेट से अंदर आवासीय परिसर तक एवं सम्पूर्ण प्रसाधन कक्षों की वार्षिक आधार पर साफ-सफाई कार्य हेतु अनुभवी प्रतिष्ठित फर्म / एजेंसी से सील बंद लिफाफे में दरें निविदा दिनांक 07/04/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। सील बंद लिफाफे दिनांक 07/04/2026 को सायं 04.00 बजे समिति के समक्ष खोले जायेंगे। लिफाफे खोलते समय निविदाकार अथवा उनके द्वारा अधिकृत एक प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

निविदा फार्म, मण्डल कार्यालय की भवन शाखा, एकीकृत भवन, प्रथम तल, कक्ष कमांक CH-08 से रूपये 1,000/- (रूपये एक हजार मात्र) का चालान या डी.डी. जो सचिव छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर के नाम देय हो, जमा कर दिनांक 07/04/2026 को दोपहर 02.00 बजे तक कय किये जा सकते हैं, निविदा फार्म मण्डल की वेबसाईट www.cgbse.nic.in से भी डाऊनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं, जिसके शुल्क के रूप में रूपये 1,000/- (रूपये एक हजार मात्र) चालान या डी.डी. जो सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के नाम देय हो, निविदा फार्म के साथ जमा करना होगा।

किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को अमान्य करने का सम्पूर्ण अधिकार, सचिव, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर को होगा।
(सचिव द्वारा अनुमोदित)

**उपसचिव**
**संवाद- 47282** **छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर**



## छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

दूरभाष : 0771-2960539
सी.आई.एन.:U 14103 CT 2001 SGC 014691,
ई-मेल:cmdcraipur@gmail.com
वेबसाइट : www.cmdc.co.in

मुख्य कार्यालय :
सेक्टर-24, ब्लॉक नंबर 7-ए, तृतीय तल,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
पिन नंबर 492015

विज्ञप्ति क्रमांक-01/ स्थापना / सीएमडीसी/2026 नवा रायपुर, दिनांक : 23/03/2026

**(रिक्त पदों की पूर्ति बाबत)**
**संक्षिप्त विज्ञापन**

छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. (सी.एम.डी.सी.) द्वारा रिटेनरशीप (Retainership) के माध्यम से रिक्त पदों पर अस्थायी नियुक्ति के लिये साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत जानकारी सी.एम.डी.सी. की वेबसाईट www.cmdc.co.in से प्राप्त कर सकते हैं।

**आदेशानुसार**
**प्रबंध संचालक**
**सी.एम.डी.सी.-नवा रायपुर**
**सं. 47279**



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि : 01/04/2026

| स.क्र. | नि.आ.सू.क्र./नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 242/2025-26 दिनांक 17/03/2026 | 187275 (तृतीय आमंत्रण) | सुकमा, जिला-सुकमा में फास्ट ट्रेक कोर्ट / जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के प्रथम तल में 01 नग न्यायालय भवन निर्माण कार्य विद्युतिकरण सहित। | 179.63 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग**
**जी. 252607328/4** **बस्तर मण्डल, जगदलपुर**



## कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास विभाग)
पांच बिल्डिंग परिसर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
Phone No.: 0788-2323704,
E-Mail ID: dpodurg@gmail.com

क्रमांक/4837 / मबावि/स्था./ मि.हब./2025-26 दुर्ग, दिनांक 20/3/2026

**''मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र हब में रिक्त पद जेन्डर विशेषज्ञ की पदपूर्ति हेतु आवेदकों से दावा आपत्ति आमंत्रित''**

महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-दुर्ग द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र हब में रिक्त पद जेन्डर विशेषज्ञ की पदपूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदन पत्रों को जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा स्क्रूटनी पश्चात परीक्षण कर पात्र/अपात्र की प्रारम्भिक सूची तैयार की गई है। इस सूची का अवलोकन जिले की वेबसाईट www.durg.gov.in एवं कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-दुर्ग के सूचना पटल पर किया जा सकता है। संबंधित आवेदकों के द्वारा उपरोक्त सूची अनुसार दिनांक 06.04.2026 तक कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक दावा आपत्ति प्राप्त होने पर ही स्वीकार की जावेगी। इस संबंध में कार्यालय में प्रदर्शित सूची अंतिम मानी जावेगी। आवेदक अपनी दावा आपत्ति स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। किसी अन्य माध्यम ई-मेल, कोरियर या कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास विभाग**
**जी 252607333/2** **जिला-दुर्ग (छ.ग.)**


# युवा छत्तीसगढ़ में बढ़ रही है उम्रदराजों की संख्या 15 साल में 10.5 प्रतिशत संख्या बढ़ी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 साल में पहुंचकर युवा छत्तीसगढ़ बन गया है, लेकिन इस राज्य में अब 60 वर्ष से अधिक आयु वाले उम्रदराज लोगों की संख्या बढ़ रही है। राज्य में 60 वर्ष से अधिक जनसंख्या वर्ष 2011 के मुकाबले 2026 में 10.5 प्रतिशत बढ़ी है।

जनसांख्यिकी संरचना के हिसाब से यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण संकेतक है। यह स्थिति राज्य में वृद्ध जनसंख्या के बढ़ते हुए अनुपात को दर्शाती है, जो सामाजिक विकास के साथ-साथ शासन व्यवस्था के लिए एक उभरती हुई प्राथमिक चुनौती है एवं दायित्व की ओर इंगित करती है। आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय छत्तीसगढ़ ने यह रिपोर्ट सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण में पेश की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह तथ्य जीवन प्रत्याशा में वृद्धि तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का परिचायक है, लेकिन साथ ही यह संकेत भी देता है कि आगामी वर्षों में राज्य को वृद्धजन देखभाल, दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रबंधन तथा सामाजिक सुरक्षा आवश्यकताओं के क्षेत्र में एक सुदृढ़ योजना एवं संसाधन आवंटन की जरूरत होगी।

### दूरदर्शी नीति बनाने की जरूरत

इस रिपोर्ट में यह सिफारिश भी की गई है कि सरकार को वृद्धजन कल्याण को केंद्र में रखते हुए जेरियाट्रिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, वृद्धजनों के अनुकूल आधारभूत संरचना का विकास तथा देखभाल एवं पुनर्वास सेवाओं को मजबूत करने के लिए समेकित एवं दूरदर्शी नीति अपनाना आवश्यक होगा।

### एक नजर किशोर और युवाओं पर

एक तरफ जहां राज्य में 60 साल से अधिक आयु वालों की संख्या राज्य में बूढ़ों की संख्या बढ़ा रही है, वहीं दूसरी ओर ये देखना भी जरुरी है कि राज्य में किशोर आयु वालों और युवाओं की संख्या कहां तक जा पंहुची है। जनसांख्यिकी के आंकड़ों के मुताबिक 2026 में अनुमानित रूप से किशोरों की संख्या 17.49 प्रतिशत तथा युवाओं की संख्या 26.24 प्रतिशत है।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)
मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौंक, कोरबा (छ.ग.)
मु.का. दुरभाष: 221288, 222672, फैक्स: 07759-221929, पो. बाक्स नं. 12 पिन कोड - 495677
Website: www.korbamunicipal.in. Email: corporationkorba@gmail.com

फा.क्र./1498/जल प्रदाय/2026 कोरबा, दिनांक 18.03.2026

**Bid Invitation**

नगर पालिक निगम, कोरबा के जल आपूर्ति कार्य हेतु इच्छुक सेवा प्रदाता से अकुशल श्रमिक (प्लेसमेंट) प्रदाय हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से बिड आंमत्रित किया जाता है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| बिड क्र. एवं दिनांक | कार्य का नाम | प्रा. राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| GEM/2026/B/7371944 Dated: 18-03-2026 | Selection Placement Agency for supply of Unskilled Labours (Year 2026-27) | 99.01 Lac | 93077.00 |

बिड की विस्तृत जानकारी GEM Portal पोर्टल https://gem.gov.in के साथ ही विभागीय वेबसाईट http://www.korbamunicipal.in एवं https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**अधीक्षण अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)**



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड़ (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**( प्रथम आमंत्रण )**

सिस्टम निविदा क्र. 187480/निविदा सूचना क्र. 08/वलेलि/2025-26,दिनांक 20.03.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 10.04.2026 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

कार्य का नाम: चॉपी जलाशय योजना के अंतर्गत मुख्य नहर के आर.डी.10 मी. से 360 मी. तक आर.सी.सी.चैनल निर्माण आर.डी.360 पर क्रास रेगुलेटर कम स्केप का जीर्णोद्धार, आई.बी. पहुंच मार्ग तथा मुख्य नहर एवं माईनर नहरों में व्ही.आर.बी.निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत: रूपये 188.78 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ. शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc. cgstate.gov.in पर दिनांक 27.03.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट: 1. निविदा मे भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई- प्रोक्योंरमेंट वेबसाईट https://eproc. cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2010 (संशोधित 01.08.2014) के अनुसार है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग**
**पेण्ड्रारोड(छ.ग.)**
**कृते-मुख्य अभियंता**
**हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**जी 252607342/4**



## कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
इन्द्रावती भवन, ब्लाक-डी (भू-तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.)
Phone- 2263708,2262558 Fax-2262558 Email Id-pmsestobc@gmail.com

क्रमांक / ऑ.ला.पो.मै.छा./224/2025-26/153238 नवा रायपुर, दिनांक 20/03/2026

**सूचना प्रकाशन**

**वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कालेज स्तर) हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी के लिए ऑनलाईन पंजीयन की तिथि वृद्धि की सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी, शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कालेज स्तर) की पात्रता रखते है तथा इन संस्थाओं के प्राचार्यों/ संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि निम्नानुसार निर्धारित है:-

| क्र. | प्रक्रिया | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन / पंजीयन हेतु (नवीन / नवीनीकरण) | दिनांक 23.03.2026 से दिनांक 27.03.2026 तक |
| 2 | संस्थाओं द्वारा Proposal Lock कर सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास को प्रेषित करने की अंतिम तिथि | दिनांक 23.03.2026 तक दिनांक 29.03.2026 तक |
| 3 | शासकीय संस्था/जिला कार्यालय द्वारा Sanction Order Lock करने की अंतिम तिथि | दिनांक 23.03.2026 तक दिनांक 30.03.2026 तक |
| 4 | जिला कार्यालय द्वारा भुगतान हेतु राज्य कार्यालय को प्रेषित करने की अंतिम तिथि अंतिम तिथि | दिनांक 31.03.2026 तक |

उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। 1. छात्रवृत्ति हेतु निम्नानुसार पात्रता निर्धारित है:- क. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय सीमा रू. 2.50 लाख प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय-सीमा रू. 1.00 लाख प्रतिवर्ष । ख. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र। ग. छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र। घ. विद्यार्थी के अध्ययनरत पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम। 2. PFMS के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अत: सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की ही प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें। 3. वर्ष 2025-26 से संस्थाओं का Geo-Tagging किया जाना अनिवार्य है। जिन संस्थाओं द्वारा Geo-Tagging नहीं किया जावेगा, उक्त संस्था के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदाय नहीं की जावेगी। 4. वर्ष 2025-26 में अनु. जनजाति एवं अनु. जाति के विद्यार्थियों को NSP Portal से OTR (One Time Registration) प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रदाय निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है। 5. वर्ष 2025-26 में संस्था प्रमुख (HoI) एवं संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी (INO) का biometric-authentication किया जाना अनिवार्य है।

**उपायुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**नवा रायपुर (छ.ग.)**
**जी. 252607345/2**


## राशिफल

**मेष:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष:** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला:** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर:** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।


**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

# हरिभूमि की खबर का असर, राहगीरों को गुमराह करने वाला संकेत होर्डिंग्स हटा

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में वाहन चालकों को गुमराह करने वाला संकेत होर्डिंग्स को हरिभूमि की खबर के बाद नगर निगम प्रशासन ने हटवा दिया। मरीन ड्राइव से तेलीबांधा थाना की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर अवंति विहार जाने वाले रास्ते के पास संकेत होर्डिंग्स लगा था। इस संकेत होर्डिंग्स में बड़ी त्रुटि थी। राम मंदिर, एयरपोर्ट, नया रायपुर, मंदिर हसौद, आरंग, रायगढ़, सरायपाली जाने के लिए इसमें जो एरो दर्शाया गया था, उसके अनुसार राहगीर रास्ता भटक कर अवंति विहार की ओर जा रहे थे, जबकि होर्डिंग्स में लिखे स्थानों के लिए एरो तेलीबांधा थाना की ओर दर्शाया जाना था। हरिभूमि ने वाहन चालकों को इस एरो होर्डिंग्स के कारण हो रही परेशानी से बचाने के लिए प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी, जिसका असर यह हुआ कि निगम प्रशासन ने इस गलत एरो वाले होर्डिंग्स को हटवा दिया है।

## शब्द पहेली - 6174



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 6173 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | री | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | या | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | ठि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | रा | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | य | ता | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6184

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6183 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

खबर संक्षेप




### एफपीआई ने शेयर बाजार से निकाले 88,180 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कमजोर होते रुपये और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का भारत की वृद्धि और कंपनियों की कमाई पर असर पड़ने की आशंका के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में अबतक भारतीय शेयर बाजार से 88,180 करोड़ रुपये (लगभग 9.6 अरब डॉलर) निकाले हैं। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई की यह निकासी फरवरी में उनके द्वारा की गई खरीदारी के बाद देखने को मिली है।

### इनोविजन का शेयर 10% से अधिक गिरकर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** मानव संसाधन एवं टोल प्लाजा प्रबंधन सेवाएं देने वाली कंपनी इनोविजन लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 519 रुपये के मुकाबले 10 प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 466 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से 10.21 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। दूसरी ओर, एनएसई पर यह 9.88 प्रतिशत टूटकर 467.70 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 914.67 करोड़ रुपये रहा।

### 10 माह में कोयला आयात में 4.2 फीसदी की गिरावट


**नई दिल्ली।** देश का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान 4.2 प्रतिशत घटकर 21.31 करोड़ टन रहा है।



समुद्री मार्ग से ढुलाई महंगी होने के कारण अभी कोयला आयात कमजोर ही रहने की संभावना है। आयात में गिरावट से पता चलता है कि देश कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, जबकि घरेलू उत्पादन बढ़ रहा है। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आपूर्ति में आई बाधा की वजह से वैश्विक स्तर पर तापीय कोयले की कीमतें चढ़ रही हैं।

### इंडियन बैंक ने ब्रांड से जुटाए 5000 करोड़ रुपए

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने 10 वर्ष की अवधि वाले दीर्घकालिक अवसंरचना बॉन्ड जारी कर 7.15 प्रतिशत की कूपन दर पर 5,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं।




बाजार सूत्रों के अनुसार, बैंक को 7.13 प्रतिशत कूपन दर पर कुल 3,100 करोड़ रुपये के लिए दो बोलियां मिलीं। इसके अलावा 7.14 प्रतिशत और 7.15 प्रतिशत कूपन दर पर क्रमशः 4,100 करोड़ रुपये तथा 5,050 करोड़ रुपये की दो-दो बोलियां प्राप्त हुईं।

### अदाणी ग्रीन की गुजरात में बिजली परियोजना शुरू

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी ने गुजरात के खावड़ा में 510 मेगावाट क्षमता की बिजली परियोजनाएं शुरू कर दी हैं। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इन संयंत्रों के चालू होने के साथ ही उसकी कुल संचालित नवीकरणीय बिजली उत्पादन क्षमता बढ़कर 17,982.3 मेगावाट हो गई है।



ये 510.1 मेगावाट की कुल क्षमता वाली बिजली परियोजनाएं उसकी अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से चालू की गई हैं। आवश्यक मंजूरियां मिलने के बाद इन संयंत्रों को 22 मार्च से चालू करने और बिजली उत्पादन शुरू करने का निर्णय लिया गया था।

# एटीएम से कैश निकासी सीमा को लेकर एक अप्रैल से नियमों में होने जा रहे बदलाव

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अगले महीने से बैंकिंग से जुड़े कुछ नियमों में बदलाव होने वाले हैं। जिनका असर सीधे एटीएम इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों पर पड़ेगा। 1 अप्रैल 2026 से एचडीएफसी बैंक समेत कई बैंकों ने कैश निकासी की लिमिट, ट्रांजैक्शन फीस और अन्य शर्तों में बदलाव करने की तैयारी की है।

ऐसे में एटीएम से पैसे निकालने और उससे जुड़े चार्ज पहले जैसे नहीं रहेंगे। इसलिए ग्राहकों के लिए नए नियमों को समझना जरूरी है। ताकि किसी तरह की परेशानी न हो। आरबीआई गाइड लाइन के तरह नए नियम एक अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे।

## कई बैंकों ने कैश निकासी की सीमा को लेकर किया बदलाव

### पीएनबी ने घटाई एटीएम निकासी सीमा

1 अप्रैल से पंजाब नेशनल बैंक अपने कुछ डेबिट कार्ड्स पर कैश निकालने की लिमिट कम करने जा रहा है। नए नियम के अनुसार, जहां पहले ग्राहक एक दिन में 1 लाख रुपए तक निकाल सकते थे। वहीं, अब यह सीमा घटाकर 50,000 रुपए करने का फैसला लिया गया है। यह नियम चुनिंदा डेबिट कार्ड्स पर लागू होगी। इसके अलावा, बैंक ने अपने कुछ प्रीमियम कार्ड्स की दैनिक निकासी सीमा भी घटा दी है। इन कार्ड्स से पहले 1.5 लाख रुपए तक निकाले जा सकते थे। लेकिन अब यह सीमा 75,000 रुपए कर दी गई है।




### बंधन बैंक ने भी बदले एटीएम नियम

बंधन बैंक ने भी अपने ग्राहकों के लिए एटीएम ट्रांजैक्शन से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। अब ग्राहक बैंक के अपने एटीएम पर महीने में सिर्फ 5 फ्री फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन कर सकेंगे। जबकि दूसरे बैंकों के एटीएम से यह सीमा घटाकर 3 कर दी गई है। तय लिमिट पार करने के बाद हर अतिरिक्त ट्रांजैक्शन पर 23 रुपए का चार्ज लिया जाएगा।

### एचडीएफसी बैंक ने ये बदलाव किए

एचडीएफसी बैंक ने यूपीआई बेस्ड एटीएम कैश विथड्रॉल को फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन लिमिट से जोड़ने का फैसला लिया है। यानी कि लिमिट क्रॉस करने के बाद हर एटीएम ट्रांजैक्शन पर ग्राहकों को एकस्ट्रा भुगतान करना होगा। नए नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाले हैं। नए नियमों के तहत तय फ्री लिमिट खत्म होने के बाद ग्राहकों को हर अतिरिक्त एटीएम ट्रांजैक्शन पर 23 रुपए के साथ टैक्स देना होगा। एचडीएफसी बैंक ने मेट्रो शहरों में मुफ्त ट्रांजैक्शन की सीमा 3 और नॉन-मेट्रो शहरों में 5 तय की है। जिसके बाद किए गए हर लेनदेन पर यह चार्ज लागू होगा।

## सेबी के निदेशक मंडल ने कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों की दी मंजूरी

# सेबी बोर्ड ने एफपीआई निपटान नियमों को दी मंजूरी, हितों के टकराव पर सिफारिशें स्वीकार कीं

एजेंसी ▸▸| मुंबई

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल ने सोमवार को कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी। इनमें विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए धनराशि निपटान के नियमों को सरल बनाना और बाजार मध्यस्थों के लिए नियामक ढांचे में बदलाव शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, निदेशक मंडल (बोर्ड) ने सेबी अधिकारियों से संबंधित 'हितों के टकराव' और संपत्तियों का खुलासे करने पर बनी उच्च स्तरीय समिति की कई सिफारिशों को मंजूरी दे दी है। इस समिति की अध्यक्षता पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त प्रत्युष सिन्हा ने की थी।

**बाजार मध्यस्थों के लिए नियामक ढांचे में बदलाव किया गया**

## एफपीआई के लिए धनराशि निपटान नियमों को सरल बनाया

### खुलासे से जुड़े मामलों की समीक्षा होगी

समिति का गठन सेबी अधिकारियों द्वारा संपत्ति, निवेश, देनदारियों और अन्य संबंधित मामलों के खुलासे से जुड़े मौजूदा प्रावधानों की व्यापक समीक्षा के लिए किया गया था। बोर्ड ने रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट), बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट (इनविट) और वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) से संबंधित 'कारोबार सुगमता' के प्रस्तावों को भी हरी झंडी दी है।




### आरोप पत्र दाखिल होने से अब अयोग्य नहीं

इसके तहत एआईएफ को किसी योजना को बंद करने की प्रक्रिया में ढील देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। साथ ही, बोर्ड ने बाजार मध्यस्थों के लिए 'योग्य और उचित इकाई' होने के नियमों में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। इसमें आर्थिक अपराध के मामलों में केवल प्राथमिकी या आरोप पत्र दाखिल होने मात्र से किसी व्यक्ति को काम करने से रोकने या अयोग्य ठहराने के नियम को हटाने का प्रावधान शामिल है।

### जानकारी सरल प्रारूप में प्रस्तुत की जाएगी

नियामक ने कहा कि इस दस्तावेज में कंपनी के कारोबारी मॉडल, वित्तीय विवरण, प्रवर्तकों, जोखिम कारकों और मुख्य प्रदर्शन संकेतकों जैसी महत्वपूर्ण जानकारी अत्यंत सरल प्रारूप में प्रस्तुत की जाएगी। सेबी द्वारा 16 मार्च को जारी अधिसूचना के अनुसार, इस संक्षिप्त मसौदे को निर्गम जारी करने वाली कंपनी, नियामक, उन शेयर बाजारों जहां प्रतिभूतियां सूचीबद्ध होनी हैं।

### आईपीओ खुलासे के नियमों को सरल बनाया

सेबी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के दस्तावेजों को सरल और मानकीकृत बनाने के लिए 'संक्षिप्त विवरण पुस्तिका का मसौदा' पेश किया है। इस कदम का उद्देश्य निर्गम संबंधी जानकारियों को निवेशकों के लिए अधिक सुलभ और समझने में आसान बनाना है। अब सार्वजनिक निर्गम लाने वाली कंपनियों को अपने विस्तृत प्रस्ताव दस्तावेजों के साथ इस संक्षिप्त विवरण पुस्तिका को भी जमा करना अनिवार्य होगा।

### कंपनी के आवेदन पत्र में हो क्यूआर कोड

नियामक ने यह भी निर्देश दिया है कि कंपनियां आवेदन पत्रों और विज्ञापनों में 'क्यूआर कोड' और लिंक उपलब्ध कराएं, ताकि निवेशक विवरण पुस्तिका और मूल्य सीमा की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकें। सूचनाओं की स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए सेबी ने शब्द सीमा भी निर्धारित की है। कंपनी के प्राथमिक व्यवसाय का सारांश 500 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

### स्वतंत्र निदेशक जिम्मेदारी से काम करें

एचडीएफसी बैंक के गैर-कार्यकारी चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के अचानक इस्तीफे के कुछ दिन बाद भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि स्वतंत्र निदेशकों से अपेक्षा की जाती है कि वे जिम्मेदारी से काम करें।

# 'प्रेस नोट तीन' में बदलाव से भारत के एफडीआई में चीन की हिस्सेदारी बढ़ेगी

एजेंसी ▸▸| मुंबई

सरकार द्वारा 'प्रेस नोट 3' में किए गए संशोधनों से भारत में आने वाले कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में चीन की हिस्सेदारी बढ़कर फिर से दो प्रतिशत के स्तर पर पहुंच सकती है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

- रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपने रिपोर्ट में कहा

क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में कहा गया है कि नियमों में बदलाव से कुल एफडीआई में चीनी निवेश का हिस्सा दो प्रतिशत से अधिक होने की उम्मीद है। प्रेस नोट 3 लागू होने से पहले यह इसी स्तर पर था। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014 से 2019 के बीच हांगकांग सहित चीन से होने वाला कुल एफडीआई प्रवाह भारत के कुल निवेश का लगभग दो प्रतिशत




था। हालांकि, प्रेस नोट 3 के नए नियम लागू होने के बाद यह घटकर मात्र 0.27 प्रतिशत रह गया था। रिपोर्ट के अनुसार, नियमों में ढील दिए जाने से लंबित प्रस्तावों का रास्ता साफ होने की उम्मीद है। इससे अल्पावधि में चीन और हांगकांग से निवेश में तेजी आ सकती है।

सरकार के इस कदम से भारत में एफडीआई प्रवाह तेज होने, घरेलू क्षमताओं के मजबूत होने और आयात पर निर्भरता कम होने की संभावना है।

### मंजूरी की समयसीमा 60 दिन तय

रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों और पॉलीसिलिकॉन जैसे क्षेत्रों के लिए मंजूरी की समयसीमा 60 दिन तय किए जाने से भारतीय और चीनी फर्म के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रेस नोट 3 के तहत 75,691 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें से केवल 13,625 करोड़ रुपये को ही मंजूरी मिली थी।

## गिरावट की प्रमुख वजह कमजोर घरेलू मांग व वैश्विक रुझानों में सुस्ती रही

# कमजोर मांग से सोना 9,050 रुपए टूटा चांदी में आई 10,500 रुपए की गिरावट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कमजोर घरेलू मांग और सुस्त वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 9,050 रुपये टूटकर 1.43 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि चांदी 10,500 रुपये की गिरावट के साथ 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार के 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 9,050 रुपये या लगभग छह प्रतिशत टूटकर 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। चांदी भी 10,500 रुपये या 4.36 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''कीमती धातुओं में पिछले सप्ताह की गिरावट बढ़ गई। सोमवार को दिन के कारोबार के दौरान में हाजिर सोना चार महीने के निचले स्तर पर फिसल गया।'' गांधी ने तेज गिरावट के लिए पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को जिम्मेदार ठहराया, जिससे कच्चे तेल की कीमतें ऊंची हो गईं और मुद्रास्फीति की चिंताएं बढ़ गईं।

**सोना टूटकर 1.43 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया चांदी भी लुढ़ककर 2.30 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर आई**




### पिछले सप्ताह सोने में 10 फीसदी की गिरावट आई थी

सिंह ने कहा कि पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जो चार दशक से अधिक की सबसे खराब साप्ताहिक गिरावट है। वेंचुरा में जिंस और सीआरएम के प्रमुख एन एस रामास्वामी ने कहा कि ईरान संघर्ष के कारण हुए हालिया तेल के झटके ने उन देशों को बुरी तरह प्रभावित किया है जो सोने के भंडार का निर्माण कर रहे थे।


# अमेरिका की नई व्यापार जांच से वैश्विक बाजारों में बढ़ी अस्थिरता

एजेंसी ▸▸| मुंबई

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और अमेरिका द्वारा नई व्यापार जांच के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई ) के बुलेटिन में सोमवार को यह बात कही गई।

बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति पर लेख में कहा गया कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से निपटने के लिए पर्याप्त है। बुलेटिन के अनुसार, वित्त 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दूसरे अग्रिम अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। इसमें कहा गया, ''अर्थव्यवस्था की स्थिति का संकेतक देने वाले आंकड़े फरवरी में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का संकेत दे रहे हैं।''

**आरबीआई ने जारी अपने बुलेटिन में कहा**





### सीपीआई खाद्य कीमतों में तेजी के कारण बढ़ी

बुलेटिन में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई फरवरी में खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों के कारण बढ़ी। इसमें कहा गया है कि प्रणाली में नकदी की स्थिति संतोषजनक बनी रही और वाणिज्यिक क्षेत्र को मिलने वाले कुल वित्तीय संसाधनों में वृद्धि हुई, जिसमें बैंक और गैर-बैंक दोनों स्रोतों से वित्तपोषण बढ़ा।

# शार्प में एसी के लिए अंबर के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में एयर कंडीशनर (एसी) के स्थानीय उत्पादन के लिए अंबर एंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड के साथ साझेदारी की है।




जापानी शार्प कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली भारतीय इकाई शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) ने एक बयान में कहा कि यह कदम दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते कूलिंग बाजारों में से एक में उसके विस्तार की योजनाओं को मजबूत करेगा। कंपनी का लक्ष्य अगले पांच साल में अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार और देशभर में वितरण नेटवर्क को मजबूत कर भारतीय एयर कंडीशनर बाजार में दो से तीन प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना है। यह बाजार सालाना एक करोड़ इकाई की बिक्री के आंकड़े को पार कर चुका है।

## यह अब तक का रुपया का सबसे निचला स्तर है

# रुपया 50 पैसे टूटकर 94.03 प्रति डॉलर

एजेंसी ▸▸| मुंबई

रुपया सोमवार को 50 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 94.03 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया। यह पहली बार है जब रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले टूटकर 94 प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गया है।



वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के कारण घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई।विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, मजबूत अमेरिकी डॉलर और घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.84 पर खुला और पूरे दिन गिरावट में रहा। अंततः यह पहली बार 94 के स्तर को पार करते हुए 94.03 (अस्थायी) पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 50 पैसे की गिरावट है। शुक्रवार को भी रुपया 64 पैसे टूटकर 93.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था, जिससे यह 93 के स्तर के पार चला गया था।

- विदेशी निवेशकों की बिकवाली से घरेलू मुद्रा में आई गिरावट

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ''पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कमजोर घरेलू बाजारों के बीच रुपया पहली बार 94 के स्तर को पार कर गया। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली ने भी रुपये पर दबाव डाला है।''

चौधरी ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों और भू-राजनीतिक तनाव के कारण रुपये पर दबाव बना रह सकता है। हालांकि, समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का हस्तक्षेप रुपये को निचले स्तर पर सहारा दे सकता है। उन्होंने अनुमान जताया कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 93.60 से 94.40 के दायरे में रह सकता है।

### डॉलर सूचकांक में 0.14 प्रतिशत की तेजी

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत बढ़कर 99.78 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.11 प्रतिशत गिरकर 113.4 डॉलर प्रति बैरल पर था। घरेलू शेयर बाजार में भी भारी गिरावट देखी गई।

## ट्रंप ने कहा, अमेरिका पांच दिनों तक ईरान के पावर संयंत्र पर हमला नहीं करेगा

# ट्रंप के एक फैसले से क्रूड ऑयल की कीमतों में आई 15% की गिरावट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति के एक बयान से ना सिर्फ कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है बल्कि मंगलवार को शेयर बाजार से लेकर रुपए में भी तेजी देखने को मिल सकती है। वास्तव में अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह अगले 5 दिनों तक ईरान के किसी पॉवर प्लांट और एनर्जी इंफ्रा पर कोई हमला नहीं करेंगे। उसके बाद से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। कारोबारी सत्र के दौरान खाड़ी देशों के कच्चे तेल ब्रेंट में 15 फीसदी की गिरावट देखने को मिली और दाम 91 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए। वहीं दूसरी ओर अमेरिकी क्रूड के दाम में 13 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। ट्रंप के बयान से ना सिर्फ कच्चे तेल की कीमतों में और राहत मिलेगी।

### खाड़ी देशों के कच्चे तेल में गिरावट

ट्रंप के बयान के बाद खाड़ी देशों के कच्चे तेल में 15 फीसदी की गिरावट देखने को मिली और कच्चे तेल के दाम 91.89 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए। जबकि एक दिन पहले कच्चे तेल की कीमत 107.04 डॉलर प्रति बैरल पर थे। इसका मतलब है कि कच्चे तेल की कीमत में 16 डॉलर प्रति बैरल की कमी आ चुकी है। वैसे कारोबारी सत्र के दौरान ब्रेंट के दाम करीब 7 फीसदी की गिरावट के साथ 99 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।




### अमेरिकी क्रूड भी धड़ाम

वहीं दूसरी ओर अमेरिकी क्रूड की कीमतों में भी बड़ी गिरावट देखी गई और कारोबारी सत्र के दौरान 14 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। आंकड़ों को अमेरिकी क्रूड के दाम शुक्रवार के मुकाबले में करीब 14 डॉलर कम होकर 84.59 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### ईरान ने दी पहली प्रतिक्रिया

वहीं दूसरी ओर ईरानी सरकारी टेलीविजन ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने की समय सीमा को पांच दिन के लिए बढ़ाने के फैसले पर तेहरान की पहली प्रतिक्रिया दी। मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार रात लगभग 12 बजे समय सीमा समाप्त होनी थी, लेकिन ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उन्होंने समय सीमा पांच दिन के लिए बढ़ा दी है। इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए, ईरानी सरकारी टेलीविजन ने स्क्रीन पर एक ग्राफिक में कहा कि ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पीछे हटे।

### ट्रंप का बयान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए दी गई समय सीमा बढ़ा दी है और कहा है कि अमेरिका पांच दिन के लिए बिजली संयंत्रों पर हमले नहीं करेगा। ट्रंप ने सोमवार को ट्रुथ सोशल साइट पर पोस्ट में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बहुत अच्छी और सार्थक बातचीत हुई है जिससे युद्ध का पूर्ण और निर्णायक समाधान निकल सकता है। ट्रंप ने कहा कि बातचीत पूरे सप्ताह जारी रहेगी। ट्रंप ने राजनयिक वार्ताओं के बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया।

## फाइनल में आर्सेनल को दी शिकस्त

# मैनचेस्टर सिटी बना ईएफएल कप चैंपियन

### निको ओ'रेली ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दागे दो गोल

एजेंसी ▶▶ लंदन

*मैनचेस्टर सिटी ने ईएफएल कप फाइनल में आर्सेनल को 2-0 से हराते हुए खिताब को अपने नाम किया। मैनचेस्टर की तरफ से फाइनल में निको ओ'रेली ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल करते हुए टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। मैनचेस्टर सिटी ने यह 9वीं लीग ट्रॉफी जीती है। सिटी से ज्यादा खिताब अब सिर्फ लिवरपूल के नाम है। हाफ टाइम के बाद सिटी ने आर्सेनल के मुकाबले ज्यादा बेहतर खेल दिखाया। मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। आर्सेनल की टीम खिताबी मुकाबले में संघर्ष करती हुई नजर आई, जिसका पूरा फायदा सिटी ने उठाया।*




#### यह बहुत गर्व का पल : कप्तान बर्नार्डो सिल्वा

*पूरे सीजन मैनचेस्टर सिटी की शानदार कप्तानी करने वाले कप्तान बर्नार्डो सिल्वा ने टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने टीम की इस सफलता को सभी के लिए खास पल बताया। उन्होंने कहा, यह सिटी में सभी के लिए बहुत गर्व का पल है। हमें यह प्रतियोगिता पसंद है और इस सीजन में शानदार प्रदर्शन करने वाले आर्सेनल को हराकर इसे जीतना वाकई खास है।*

#### मैनचेस्टर सिटी लेगी इंटरनेशनल ब्रेक

मैनचेस्टर सिटी अब एक इंटरनेशनल ब्रेक पर होगी। टीम अब अपना अगला मुकाबला 4 अप्रैल को एफए कप के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लिवरपूल के खिलाफ खेलेगी। गार्डियोला की टीम अगले हफ्ते चेल्सी में होने वाले प्रीमियर लीग पर ध्यान देगी। मैनचेस्टर सिटी प्रीमियर लीग टाइटल की दौड़ में बनी हुई है। गार्डियोला की टीम अभी टॉप पर काबिज आर्सेनल से 9 प्वाइंट पीछे है और उन्हें अभी एक मुकाबला खेलना है।

#### पेप गार्डियोला बने सबसे सफल मैनेजर

पेप गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी मैनेजर के तौर पर यह मशहूर ट्रॉफी पांच बार जीती है, जो इंग्लिश फुटबॉल में एक रिकॉर्ड है। वह इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा सफलता पाने वाले मैनेजर के तौर पर ब्रायन क्लॉ, सर एलेक्स फर्ग्यूसन और जोस मोरिन्हो (जिन्होंने सभी ने चार-चार जीते) से आगे निकल गए हैं। काराबाओ कप सिटी बॉस के तौर पर पेप की पहली ट्रॉफी थी, जिसमें उन्होंने 2018 में आर्सेनल को 3-0 से हराया था। उन्होंने अब उस विरासत में एक और नाम जोड़ लिया है और 1960 में प्रतियोगिता की शुरुआत के बाद से सबसे सफल मैनेजर बन गए हैं।

## एमएलएस : इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी को 3-2 से हराया




**न्यूयॉर्क।** इंटर मियामी सीएफ ने अपनी जीत की लय को बरकरार रखा है। टीम ने रोमांचक मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 3-2 से हराया। एमएलएस रेगुलर सीजन में यह इंटर मियामी की लगातार चौथी जीत है। इंटर मियामी के डिफेंडर गोंजालो लुजा, माइकल और कप्तान लियोनेल मेसी के किए गोल ने इंटर मियामी की जीत में अहम योगदान दिया। इंटर मियामी ने मैच के चौथे मिनट में ही बढ़त बनाई। टीम की तरफ से पहला गोल गोंजालो लुजान ने किया। टेलास्को जोस सेगोविया के किए प्रयास के विफल रहने के बाद लुजान ने रिबाउंड का फायदा उठाते हुए इंटर मियामी को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, न्यूयॉर्क सिटी एफसी ने जोरदार वापसी की और मैच के 17वें मिनट में निकोलस फर्नांडीज के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मेसी ने गोल करने के दो मौके बनाए, लेकिन उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी। पहले हाफ के बाद स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा। हालांकि, मेजबान टीम ने मैच के 59वें मिनट में अगस्टिन ओजेडा के गोल से बढ़त बना ली।

#### मेसी ने दागा गोल, स्कोर किया 2-2 से बराबर

इसके तुरंत बाद मेसी ने 61वें मिनट में इंटर मियामी के लिए गोल दागते हुए स्कोर को फिर से 2-2 से बराबर कर दिया। मेसी ने फ्री किक पर इस रेगुलर सीजन का अपना चौथा गोल किया। इंटर मियामी ने 74वें मिनट में अपनी बढ़त वापस पा ली, जब बॉक्स के दाएं छोर से माइकल ने एक जोरदार हेडर से एलन के पिच के बाईं तरफ से मिले सटीक क्रॉस का फायदा उठाया। यह गोल माइकल का इंटर मियामी के खिलाड़ी के तौर पर पहला गोल रहा, जबकि इस लीग कैंपेन में एलन का यह दूसरा असिस्ट था।

## अरुंधती ने रचा नया कीर्तिमान

### बनीं आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ




एजेंसी ▶▶ दुबई

भारतीय महिला क्रिकेटर अरुंधति रेड्डी को फरवरी 2026 के लिए आईसीसी 'विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है। भारतीय सीमर के करियर में ऐसा पहली बार है, जब उन्हें इस पुरस्कार से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें ऑस्ट्रेलिया में भारत की यादगार जीत में निभाई गई उनकी शानदार भूमिका के लिए मिला है।

■ टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली गेंदबाज

अरुंधति रेड्डी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली गेंदबाज रहीं, जिन्होंने 10.87 की औसत और 7.25 की इकॉनमी रेट से कुल 8 विकेट हासिल किए। भारत की इस बड़ी जीत में उनका योगदान बहुत अहम रहा। अरुंधति के इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की। यह साल 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया में भारत की पहली टी20 सीरीज जीत थी।

दाएं हाथ की सीमर ने सिडनी में खेले गए अपने पहले ही मैच से सटीक गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मैच में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। 28 वर्षीय गेंदबाज ने शेष दो मुकाबलों में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। कैनबरा में खेले गए मैच में उन्होंने 30 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि एडिलेड में खेले गए सीरीज के निर्णायक मुकाबले में उन्होंने 35 रन देकर 2 विकेट निकाले।

#### मेंस कैटेगरी में फरहान को मिला अवॉर्ड

वहीं मेंस कैटेगरी में ये अवॉर्ड साहिबजादा फरहान ने जीता है। फरहान टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। यही कारण है कि उन्होंने इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स और अमेरिका के तेज गेंदबाज शैडली वैन शाल्विक को पीछे छोड़कर इस अवॉर्ड को अपने नाम किया। फरहान ने भले ही इस वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन किया हो लेकिन उनकी टीम इस वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई थी।

#### ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराना आसान नहीं : अरुंधती

*अवॉर्ड जीतने के बाद रेड्डी ने कहा कि आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए सचमुच एक बहुत बड़ा सम्मान है, और यह बात और भी खास है कि मैं ऑस्ट्रेलिया में टी20 सीरीज जीतने में अपनी टीम के लिए कुछ योगदान दे पाई। ऑस्ट्रेलिया को उसके अपने घर में हराना कभी भी आसान नहीं होता, और इसी वजह से यह अवॉर्ड मेरे लिए और भी ज़्यादा मायने रखता है। इस सीरीज में मिली जीत से हमारी टीम का आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है। हम आगामी वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप में भी इसी प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे।*

## खबर संक्षेप



### अप्रैल में नहीं होगी एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप

**कराची।** इस्लामाबाद में अगले महीने होने वाली एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप खाड़ी में जारी संघर्ष के कारण स्थगित कर दी गई है। यह चैंपियनशिप 14 से 18 अप्रैल के बीच होनी थी। अधिकारी ने बताया,' एशियाई स्क्वाश महासंघ ने हमें बताया कि संघर्ष के कारण क्षेत्र के मौजूदा हालात को देखते हुए इस समय यह टूर्नामेंट करा पाना संभव नहीं है।'

### विश्व क्रिकेट का मुख्य बाजार भारत : संजोग

**नई दिल्ली।** हाल ही में टी20 विश्व कप में एसोसिएट देशों के निडर प्रदर्शन की तारीफ करते हुए आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने उनके विकास को क्रिकेट के परिपक्व वैश्विक खेल बनने का संकेत बताया और कहा कि भारत मुख्य बाजार है लेकिन क्रिकेट निश्चित तौर पर वैश्विक होता जा रहा है। भारत ने 20 टीमों की भागीदारी वाला टी20 विश्व कप जीता लेकिन पहली बार टूर्नामेंट खेल रही इटली, अमेरिका, नेपाल और जिम्बाब्वे जैसी टीमों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। गुप्ता ने कहा कि भारत विश्व क्रिकेट का मुख्य बाजार है।



### विदेशी खिलाड़ियों के कारण पीएसएल की मुश्किलें बढ़ी

**कराची।** विदेशी खिलाड़ियों के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बावजूद नाम वापस लेने के कारण दो नई टीमों के साथ पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की मेजबानी करना पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के लिए लॉजिस्टिक्स (आयोजन संबंधी) और अनुबंध संबंधी परेशानियों का सबब बनता जा रहा है। विदेशी खिलाड़ी अधिक आकर्षक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से करार मिलने के बाद पीएसएल को छोड़ रहे हैं। दो नई फ्रेंचाइजी को शामिल करने के साथ विस्तारित पीएसएल गुरुवार को लाहौर में शुरू होने वाली है। यह आईपीएल के 28 मार्च को शुरू होने से दो दिन पहले है। इस तरह इन दोनों लीगों का आयोजन एक साथ होगा। पीएसएल तीन मई तक चलेगा, जबकि आईपीएल का पूरा कार्यक्रम अभी जारी नहीं हुआ है, लेकिन यह मई के अंतिम या जून के शुरुआती सप्ताह तक चल सकता है।

## मियामी ओपन में बड़ा उलटफेर, कोरडा से हारकर नंबर-1 खिलाड़ी अल्कारेज बाहर

एजेंसी ▶▶ मियामी गार्डन्स

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज मियामी ओपन के तीसरे दौर में सेबेस्टियन कोरडा से हारकर बाहर हो गए हैं।

इससे पहले इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में अल्कारेज को दानिल मेदवेदेव ने हराया था। उन्हें कोरडा ने 2 घंटे 19 मिनट तक चले मैच में 6-3, 5-7, 6-4 से हराया।

अब कोरडा का सामना मार्टिन एल से होगा, जिन्होंने 14वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और टॉमी पॉल भी चौथे दौर में पहुंच गए हैं। छठी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने रीली ओपेलका को 6-3, 6-4 से हराया जबकि 22वीं रैंकिंग वाले पॉल ने रफाएल कोलिंगनोन को 6-2, 3-6, 7-6 से मात दी।




#### सबालेंका ने मैकनाली को 6-4, 6-2 से हराया

महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने कैथरीन मैकनाली को 6-4, 6-2 से हराया। दुनिया की तीसरी नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना ने मार्ता कोस्तयुक को 6-3, 6-4 से हराया। वहीं पांचवीं रैंकिंग वाली जेसिका पेगुला ने लैला फर्नांडिस को 6-2, 6-2 से शिकस्त दी।

## हॉकी इंडिया अवॉर्ड की रेस तेज, चार नाम सबसे आगे

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह, फॉरवर्ड सुखजीत सिंह और अभिषेक और डिफेंडर संजय इस साल हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में हैं। महिला वर्ग में सलीमा टेटे, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी और सविता पूनिया को नामांकन मिला है। शुक्रवार को होने वाले हॉकी इंडिया पुरस्कार समारोह में उदीयमान खिलाड़ी (अंडर 21) का जुगराज सिंह और असुंथा लाकड़ा पुरस्कार भी दिया जाएगा। अंतिम नामांकन में आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को चुना गया है।

#### एशिया कप जीतने वाली टीम होगी सम्मानित

इसके साथ ही हॉकी में अमूल्य योगदान के लिए जमन लाल शर्मा पुरस्कार और असाधारण उपलब्धि के लिए अध्यक्ष का पुरस्कार भी दिया जाएगा। अधिकारियों की श्रेणी में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर /अंपायर मैनेजर का पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी और सर्वश्रेष्ठ सदस्य ईकाई का पुरस्कार भी दिया जाएगा। इसके साथ ही एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम और जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली जूनियर पुरुष टीम को भी सम्मानित किया जाएगा।

## दिल्ली कैपिटल्स को स्टार्क के एनओसी मिलने का इंतजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स ने बताया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं दिया है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि उनका प्रमुख तेज गेंदबाज एक अप्रैल को टूर्नामेंट में शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ जाएगा।

स्टार्क ने पिछले सत्र में 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। बदानी ने कहा, ' हम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एनओसी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही हमें वह मिल जाएगा, हमें पता चल जाएगा कि वह कब टीम में शामिल होंगे।' उन्होंने एनओसी मिलने में हो रही देरी के बारे में पूछे जाने पर कहा, ' हम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ लगातार संपर्क में हैं। वह गेंदबाजी अभ्यास कर रहे हैं, उन्होंने कुछ दिन पहले भी गेंदबाजी की थी। जब तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उन्हें खेलने के लिए फिट घोषित नहीं कर देता, तब तक कोई फ्रेंचाइजी कुछ नहीं कर सकती।'



क्रिकेट

## गुजरात टाइटंस टीम से जुड़े राशिद खान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल 2026 के लिए राशिद खान गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़ गए हैं। राशिद से इस सीजन टीम को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज के लिए पिछला सीजन कुछ खास नहीं गुजरा था।

वह 15 मुकाबलों में सिर्फ 9 ही विकेट निकाल सके थे। गुजरात टाइटंस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर राशिद खान के स्वागत में खास पोस्ट शेयर किया। राशिद की तस्वीर के साथ गुजरात ने कैप्शन में लिखा, खुशी का माहौल है, क्योंकि गुजरात की शान घर आ गए हैं। घर में आपका स्वागत है, राशिद खान। राशिद आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए संघर्ष करते नजर आए थे। राशिद ने 9.35 की इकोनॉमी से रन खर्च किए थे।

हालांकि, हाल ही में खत्म हुए टी20 विश्व कप 2026 में राशिद का प्रदर्शन दमदार रहा था। राशिद ने अफगानिस्तान की ओर से खेले 4 मुकाबलों में 6 विकेट निकाले थे और वह काफी किफायती भी साबित हुए थे। राशिद ने सिर्फ 6.68 की इकोनॉमी से रन दिए थे। गुजरात की टीम आईपीएल 2026 में राशिद से इसी फॉर्म को टूर्नामेंट में बरकरार रखने की उम्मीद करेगी।

#### टेस्ट मैचों का जल्दी खत्म होना व्यावसायिक दृष्टि से बुरा

मेलबर्न। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने टेस्ट पिच की तैयारी पर अधिक नियंत्रण रखने की बात को खारिज करते हुए कहा कि साल की शुरुआत में एशेज श्रृंखला के दौरान आलोचना के बावजूद स्थानीय क्यूरेटर ही अच्छी और अनूठी पिचें तैयार करने के लिए सबसे सही लोग हैं। पर्थ और एमसीजी टेस्ट दो दिन के भीतर खत्म होने के कारण क्रिकेट आस्ट्रेलिया को 15 मिलियन डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा था, जिससे वहां की पिचों को लेकर भी काफी आलोचना हुई। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीन ने स्वीकार किया कि टेस्ट मैचों का जल्दी खत्म होना व्यवसायिक दृष्टि से बुरा है। सीए के संचालन प्रमुख पीटर रोच ने कहा,' यह अकल्पनीय है कि हम अभी जितना नियंत्रित करते हैं, उससे अधिक कर पाएंगे।' उन्होंने कहा,' इंग्लैंड में आप एक केंद्रीय क्यूरेटर को रख सकते हैं या न्यूजीलैंड या दक्षिण अफ्रीका में क्योंकि विकेट, मिट्टी और मौसम एक जैसे हैं।

## एशिया कप में युवा जोश के साथ कदम रखेगी तीरंदाजी टीम

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक



भारत तीरंदाजी के नए अंतरराष्ट्रीय सत्र का आगाज मंगलवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले चरण से करेगा, जिसके लिए टीम में नामी गिरामी सितारों की बजाय प्रतिभावान युवाओं को जगह दी गई है। भारतीय टीम में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, धीरज बोम्मादेवरा, तरुणदीप राय , ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा नहीं हैं। भारतीय टीम प्रबंधन जापान में सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों तक चलने वाले इस व्यस्त सत्र के पहले टूर्नामेंट में अपने युवा खिलाड़ियों को आजमाना चाहता है। शीर्ष तीरंदाज मैक्सिको और शंघाई में अप्रैल से होने वाले विश्व कप के पहले दो चरण के लिए वापसी करेंगे। पिछले साल भारत ने इस टूर्नामेंट में पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीते थे।

### रॉयल्स में कुरेन की जगह शनाका शामिल



**नई दिल्ली।** श्रीलंका के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान दासुन शनाका को सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लिए इंग्लैंड के चोटिल ऑलराउंडर सैम कुरेन के स्थान पर राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल किए जाने की पुष्टि की गई। शनाका दो करोड़ रुपए में राजस्थान रॉयल्स से जुड़ेंगे। शनाका ने श्रीलंका के लिए छह टेस्ट, 71 वनडे और 131 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम 3350 से अधिक रन और 86 विकेट हैं।' इस 34 साल के खिलाड़ी ने 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए आईपीएल में तीन मैच खेले हैं। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच और टीम निदेशक कुमार संगकारा ने कहा कि 'सत्र की शुरुआत से ठीक पहले सैम जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी का चोट के कारण उपलब्ध न होना हमारे लिए निराशाजनक है।' उन्होंने कहा, 'सैम बल्ले और गेंद दोनों से टीम के लिए बहुत मूल्यवान खिलाड़ी हैं।

खान मंत्रालय
MINISTRY OF MINES

**नामनिर्दिष्ट अधिकारी, खान मंत्रालय, भारत सरकार**
जीपीओए-3 नेताजी नगर, नई दिल्ली, 110023, 011-26773606

**"महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों के लिए खनिज रियायत प्रदान करने हेतु सातवी श्रृंखला के लिए बोलियों का आमंत्रण"**

खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 11 (घ) द्वारा, इस अधिनियम की प्रथम अनुसूची के भाग घ में विनिर्दिष्ट खनिजों के लिए खनिज रियायत प्रदान करने हेतु, केंद्र सरकार को प्रदत्त नीलामी करने की शक्ति का प्रयोग करते हुए और इसके अंतर्गत अधिसूचित समय-समय पर यथा संशोधित खनिज (नीलामी) नियम, 2015 के अनुसरण में, भारत सरकार ने खान मंत्रालय के पदनामित अधिकारी को महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों की नीलामी की सातवी श्रृंखला में 19 ब्लॉकों की नीलामी करने का निदेश दिया है। निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) एमएसटीसी ई-नीलामी पोर्टल और खान मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है। निविदा दस्तावेज की बिक्री सोमवार, 30 मार्च, 2026 से शुरू होगी। निविदा दस्तावेज़ और अन्य विवरण (https://www.mstcecommerce.com/ auctionhome/ mlcin/) पर देखे जा सकते हैं।
CBC 26101/11/0009/2526

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / साईकोलि / मप्र / कुस (क्षेत्र) / भू.रा. / 2026 / 1937 दिनांक 16.03.2026

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र ग्राम पाली के 295.795 हे. की भूमि का अर्जन सीबीए एक्ट (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है जिसमें लागू सी.आई.एल. (आर एंड आर) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा में) concept के आधार पर 147 भू स्वामियों / आश्रितों की पात्रता बनती है जिसमें 01 भूमि स्वामी / आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधोलिखित तालिका अनुसार है-

| क्र. | स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम / पिता का नाम | खाता नम्बर | खसरा नम्बर | रकबा (एकड़ में) | कुल रकबा (एकड़ में) | उम्मीद्वार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध | भूस्वामियों / नामित उम्मीद्वार द्वारा जमा किए गये पत्रों में भूस्वामी / उम्मीद्वार का नाम | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीद्वार | |
| 1 | छेदीलाल पिता नंदलाल | 186 | 111, 234 / 2, 396 / 2, 484 / 3 | 0.10, 0.20, 0.22, 0.20 | 0.20 | सतरुपा बाई पिता छेदीलाल संबंध-पुत्री | नामांकन पत्र | छेदीलाल पिता नंदलाल | सतरुपा पिता छेदीलाल | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों / दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | | सत्यापन | छेदीलाल पिता नंदलाल | सतरुपा बाई पिता छेदीलाल | |
| | | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र. सं. 116 | छेदीलाल पिता नंदलाल | | |
| | | | | | | | बी-1 वर्ष 2008-09 | छेदीलाल पिता नंदलाल | | |
| | | | | | | | पी-2 वर्ष 2008 से 2013 | छेदीलाल पिता नंदलाल | | |
| | | | | | | | ऋण पुस्तिका | छेदीलाल पिता नंदलाल | | |
| | | | | | | | वंशवृक्ष | छेदीलाल पिता नंदलाल | सतरुपा पिता छेदीलाल | |
| | | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | | सतरुपा पिता छेदीलाल | |
| | | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | | सतरुपा पिता छेदीलाल | |
| | | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 10 वीं) | | कु. सतरुपा पिता छेदीलाल | |
| | | | | | | | रोजगार पंजी | | सतरुपा पिता छेदीलाल | |
| | | | | | | | आधार कार्ड | छेदीलाल पिता नंदलाल | सतरुपा बाई पिता छेदीलाल | |

उक्त भूस्वामी / नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनो के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते हैं, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

SECL/25-26/357 स्टाफ अधिकारी (भू.रा.), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र




# झारखंड में यहां हवन कुंड के पास झूमते हैं लोग, भूत-प्रेतों की लगती है अदालत

**पलामू।** जहां आस्था की बात होती है, वहां पौराणिक मान्यताएं विशेष महत्व रखती है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण कहता है कि सूरज न तो उगता है और न ही डूबता है, लेकिन हमारी आस्था उसे उदय और अस्त होते हुए देखती है। इसी तरह भारत के विभिन्न हिस्सों में कई ऐसी मान्यताएं जीवित हैं, जो तर्क से परे होकर भी लोगों के जीवन का अहम हिस्सा बनी हुई है। झारखंड के पलामू जिले में लगने वाला 'भूत मेला' इसी आस्था और विश्वास का अनूठा उदाहरण है। स्थानीय निवासी और श्रद्धालु इस मेले को गहरी आस्था का प्रतीक मानते हैं। उनका कहना है कि सच्चे मन से यहां आने वाले लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। संतान प्राप्ति, बीमारी से मुक्ति या मानसिक परेशानियों से छुटकारा सहित हर समस्या के समाधान की उम्मीद लेकर लोग यहां आते हैं।

### चैत्र नवरात्रि और मेले का आयोजन

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पलामू जिले के हैदरनगर स्थित देवी धाम शक्ति पीठ में हर साल भव्य मेले का आयोजन होता है। इस साल भी यह मेला लगा हुआ है। यह मेला सैकड़ों वर्षों से लगातार लग रहा है और इसे स्थानीय लोग 'भूत मेला'के नाम से जानते हैं। मेले में झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेला समिति के सचिव रामसाय सिंह बने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह लोगों को एकजुट करता है और परंपराओं को जीवित रखता है। जहां आने पर श्रद्धालुओं को उनकी समस्या का निदान मिलता है। पलामू का भूत मेला आस्था, परंपरा और रहस्य का अद्भुत संगम है।



### मंदिर परिसर में जिन बाबा का स्थान

उन्होंने कहा कि इस धाम के मंदिर परिसर में स्थित जिन बाबा का स्थान आस्था के साथ-साथ सांप्रदायिक एकता का भी प्रतीक है। यहां हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग समान श्रद्धा के साथ मत्था टेकते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं। स्थानीय मान्यता है कि जिन बाबा हर सच्चे भक्त की प्रार्थना सुनते हैं। चाहे वह किसी भी धर्म या समुदाय से क्यों न हो. मेले के दौरान इस स्थल पर विशेष भीड़ उमड़ती है, जहां दोनों समुदाय के लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ पूजा-अर्चना और इबादत करते नजर आते हैं।

### रहस्यमयी मान्यता और भूतों की अदालत

हैदरनगर देवी धाम को लेकर एक रहस्यमयी मान्यता प्रचलित है कि यहां प्रेत बाधाओं से मुक्ति मिलती है। लोग इसे 'भूतों की अदालत' भी कहते हैं। जहां अदृश्य शक्तियों का निवारण होता है। मंदिर परिसर में स्थित हवन कुंड के पास पहुंचते ही कथित पीड़ित व्यक्तियों के व्यवहार में बदलाव देखा जाता है। वे झूमने लगते हैं या असामान्य हरकतें करते हैं, जिसके बाद पुजारी और तांत्रिक विशेष अनुष्ठान कर उन्हें सामान्य स्थिति में लाने का दावा करते हैं।

## रोचक खबरें



### 92 दिन में सात ज्वालामुखी फतह! भारतीय पर्वतारोही ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** भारत के एक पर्वतारोही ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। भूपतिराजु अनमिश वर्मा ने महज 92 दिन, 4 घंटे और 45 मिनट में दुनिया के सात सबसे ऊंचे ज्वालामुखी शिखरों को फतह कर नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया। यह उपलब्धि 6 फरवरी 2026 को आधिकारिक रूप से पुष्टि की गई और 27 फरवरी 2026 को इसे मान्यता भी मिल गई। अनमिश वर्मा ने अपनी इस ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत 23 अक्टूबर 2024 को रूस के माउंट एल्ब्रस से की थी। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग महाद्वीपों में स्थित खतरनाक और कठिन ज्वालामुखी शिखरों को पार किया और अंत में 23 जनवरी 2025 को अंटार्कटिका के माउंट सिडली पर पहुंचकर इस मिशन को पूरा किया। यह सफर बेहद कठिन था, जिसमें बर्फीले तूफान, ऊंचाई और खराब मौसम जैसी कई चुनौतियां शामिल थीं। सात ज्वालामुखी शिखर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में स्थित ज्वालामुखी पहाड़ों का समूह है। इनमें माउंट किलिमंजारो, ओजोस डेल सलादो, पिको डी ओरिज़ाबा, माउंट गिलुवे, माउंट एल्ब्रस, दमावंद पर्वत, माउंट सिडली शामिल हैं। यह रिकॉर्ड सिर्फ समय का नहीं, बल्कि हिम्मत, धैर्य और जुनून का भी प्रतीक है।

### बचपन से अंधी होना चाहती थी लड़की जवान होते ही आंखों में डाला ब्लीच

**न्यूयार्क।** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना राज्य की रहने वाली ज्वेल शूपिंग की कहानी सुनकर कोई भी हैरान रह जाएगा। जहां बच्चे बचपन में डॉक्टर-पायलट बनने का सपना देखते हैं, उसे बचपन से ही एक अजीबोगरीब इच्छा थी। वो अंधी बनना चाहती थी। ये कोई सामान्य ख्वाहिश नहीं थी, बल्कि एक दुर्लभ मनोवैज्ञानिक स्थिति का नतीजा थी, जिसे बॉडी इंटीग्रिटी आइडेंटिटी डिसऑर्डर कहा जाता है। अपने इस सपने को उसने जवानी में साकार कर लिया। इस विकार में स्वस्थ लोग खुद को विकलांग समझते हैं और मानते हैं कि उनका शरीर तभी सही लगेगा जब कोई अंग या इंद्री काम ना करे। ज्वेल के मामले में ये इंद्री थी उसकी आंखें। ज्वेल का जन्म पूरी तरह स्वस्थ हुआ था, लेकिन मात्र तीन साल की उम्र से ही वो खुद को अंधा महसूस करती थी। वो कहती है कि उसे लगता था कि वो जन्म से ही अंधी होनी चाहिए थी। बचपन में वो घंटों सूरज की तरफ देखती रहती, सोलर स्टॉर्म्स और सनस्पॉट्स को घूरती ताकि आंखें खराब हो जाए। स्कूल में वो काला मोटा चश्मा पहनती, व्हाइट केन के साथ चलती और बीस साल की उम्र में उसने ब्रेल सीख लिया था। लेकिन, ये सब नाटक नहीं था। उसके लिए ये उसकी असली पहचान थी। 21 साल की उम्र में ज्वेल ने फैसला किया कि अब इंतजार नहीं होगा। उसने एक साइकोलॉजिस्ट से संपर्क किया, जो मिडवेस्ट इलाके में था। साइकोलॉजिस्ट ने पहले दो हफ्ते तक उसका ऑब्जर्वेशन किया, देखा कि वो कैसे अंधे लोगों की तरह जी रही है। इसके बाद उसने मदद करने की सहमति दे दी।



# चांद के 440 करोड़ साल पुराने राज से उठा पर्दा!


**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष की रेस में भारत अब सिर्फ दौड़ नहीं रहा, बल्कि दुनिया को रास्ता भी दिखा रहा है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इसरो और फिजिकल रिसर्च लैबोरेट्री के वैज्ञानिकों ने चांद के दक्षिणी ध्रुव के पास की मिट्टी और चट्टानों का बारीकी से अध्ययन किया है। इस रिसर्च में पता चला है कि चांद का जन्म कैसे हुआ और शुरुआती करोड़ों सालों में वहां क्या हलचल हुई थी। यह खोज न केवल हमें चांद के जन्म की कहानी बताएगी, बल्कि भारत के आने वाले चंद्रयान-4 मिशन के लिए सबसे बड़ा 'गेम चेंजर' भी साबित होने वाली है। वैज्ञानिकों ने चांद के मैग्मा ओशन थ्योरी से जुड़े नए सबूत खोजे हैं। माना जाता है कि अरबों साल पहले चांद पूरी तरह से पिघले हुए लावे का एक समंदर था। जैसे-जैसे यह ठंडा हुआ, इसकी परतें बनती गईं। भारतीय टीम ने चांद की मिट्टी और चट्टानों के केमिकल एनालिसिस से यह पता लगाया है कि इसकी ऊपरी परत कैसे बनी और वहां कौन-कौन से खनिज दबे हुए हैं।

### चंद्रयान-4 के लिए क्यों है यह संजीवनी?



इस खोज का सबसे सीधा फायदा भारत के अगले मून मिशन, चंद्रयान-4 को मिलेगा। चंद्रयान-4 कोई साधारण मिशन नहीं है। इसका मकसद चांद की मिट्टी को धरती पर वापस लाना है। अब इस नई रिसर्च से इसरो को यह तय करने में मदद मिलेगी कि चांद के किस हिस्से से मिट्टी उठाना सबसे ज्यादा फायदेमंद होगा। वैज्ञानिकों को अब पता है कि चांद पर पानी के अलावा और कौन से कीमती संसाधन छिपे हैं। साथ ही मिट्टी के रासायनिक गुणों की पहले से जानकारी होने से लैंडर और रोवर को उसी हिसाब से डिजाइन किया जा सकेगा।

## वैज्ञानिकों ने सुलझाई अनसुलझी पहेली, अब चंद्रयान-4 रचेगा नया इतिहास



### आईआईटी, इसरो और पीआरएल की जुगलबंदी

इस रिसर्च में आईआईटी के मेधावी दिमाग, इसरो का अनुभव और पीआरएल की लैब टेक्नोलॉजी ने मिलकर काम किया है। वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 से मिले डेटा का भी गहराई से अध्ययन किया। उन्होंने पाया कि चांद के दक्षिणी ध्रुव के पास की चट्टानें उम्मीद से कहीं ज्यादा पुरानी और रहस्यमयी हैं।

**दुनिया भर के वैज्ञानिक हैरान :** अभी तक नासा और रूस की अंतरिक्ष एजेंसियां ही चांद के नमूनों पर सबसे ज्यादा पकड़ रखती थीं, लेकिन भारत की इस ताजा रिसर्च ने साबित कर दिया है कि डेटा का एनालिसिस करने में भारतीय वैज्ञानिक किसी से कम नहीं हैं। विदेशी मीडिया में भी इस खोज की चर्चा है, क्योंकि यह चांद पर आने वाले समय में बनने वाले 'बेस कैंप' के लिए नक्शा तैयार करने जैसा है।

### चंद्रयान-3 के डेटा ने कैसे की मदद?

इस बड़ी खोज के पीछे चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर और विक्रम लैंडर से मिले डेटा का हाथ है। रोवर ने चांद की मिट्टी में जिन रसायनों का पता लगाया था, उन्होंने इस थ्योरी को पुख्ता किया है कि चांद का निर्माण किसी बहुत बड़े टकराव के बाद हुआ था।

### क्या चांद पर कभी पानी का भंडार था?

इस स्टडी से यह संकेत भी मिले हैं कि जब चांद का मैग्मा ठंडा हो रहा था, तब वहां वाष्पशील तत्व (जैसे पानी के कण) भी मौजूद रहे होंगे। अगर चंद्रयान-4 इन नमूनों को लेकर वापस आता है, तो यह इंसानी बस्तियां बसाने की दिशा में सबसे बड़ी खोज होगी। यह स्टडी चांद के दक्षिणी ध्रुव पर जमे हुए पानी के स्रोतों को समझने में भी मदद करेगी।

# खुदाई में मिली ऐसी रहस्यमयी चीज, वैज्ञानिकों के उड़े होश

**मैक्सिको सिटी।** हम सभी ने इतिहास की किताबें पढ़ी होंगी। इसमें पढ़ा गया है कि क्रिस्टोफर कोलंबस ने 1942 में अमेरिका की खोज की थी। लेकिन जब पता चले कि यह सच पूरा नहीं है, तो आप क्या सोचेंगे? दरअसल, मैक्सिको में पुरातत्वविदों ने एक अवशेष खोजा है। इस खोज ने दुनिया के इतिहासकारों और वैज्ञानिकों के होश उड़ा दिए हैं। उन्होंने मैक्सिको में एक ऐसी प्राचीन वस्तु की खोज की है, जिससे पता चलता है कि कोलंबस से सदियों पहले ही यूरोप और अमेरिका में संपर्क हो चुका था।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुरातत्वविदों ने टेकाक्सिक-कैलिक्स्टलाहुआका हेड को खोजा है। यह टेराकोटा से बनाई गई है और एक दाढ़ी वाले इंसान की मूर्ति का सिर है। यह प्राचीन रोमन शैली को दिखाता है। मैक्सिकन पुरातत्वविद् जोस गार्सिया पायन ने वर्ष 1933 में मैक्सिको सिटी के पास एक पिरामिड की तरह संरचना की खुदाई के दौरान इसकी खोज की थी।



### मैक्सिको की कब्र तक कैसे पहुंची मूर्ति?

अब सवाल है कि आखिर रोमन मूर्ति मैक्सिको की सीलबंद कब्र तक कैसे पहुंच गई? बताया गया है कि यह कब्र 1476 से 1510 ईस्वी के बीच की है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, स्पेनिश विजेता हर्नान कोर्टेस के 1519 ईस्वी में मैक्सिको पहुंचने के भी पहले की है। कुछ शोधकर्ता मानते हैं कि कोई रोमन, फोनिशियन या बर्बर जहाज समुद्री धाराओं के माध्यम से गलती से अटलांटिक महासागर को पार कर गया होगा। इसके बाद वहां के लोग अंदरूनी इलाकों तक मूर्ति को लेकर चले गए होंगे। लेकिन अमेरिका में किसी रोमन बस्ती या जहाज के पुख्ता सबूत नहीं पाए गए हैं। इसके कारण यह थ्योरी आज भी रहस्य है।

### सीलबंद कब्र में मिला था सिर

सबसे बड़ी बात यह है कि मूर्ति एक सीलबंद कब्र में मिली थी। यह फर्श की तीन सुरक्षित परतों के नीचे दबी थी। इसके साथ सोने के गहने, हड्डियों की वस्तुएं और रॉक क्रिस्टल के टुकड़े भी मिले थे। यह इसके ऐतिहासिक महत्व की पुष्टि कर रहे हैं।

### जांच के बाद वैज्ञानिकों ने किया खुलासा

वैज्ञानिकों ने इस मूर्ति को दशकों तक शोध किया है। एंथ्रोपोलॉजिस्ट रॉबर्ट हेइन-गेल्डर्न ने 1961 में अनुमान लगाया कि हो सकता है यह करीब 200 ईसा पूर्व की हो। इसके बाद जर्मन पुरातत्वविद् बर्नार्ड एंड्रिया ने 1990 में पुष्टि की कि रोमन मूल की है। इसकी हेयर स्टाइल और दाढ़ी का पैटर्न रोमन साम्राज्य के सेवरन काल के शासकों से मिलती है। वैज्ञानिकों ने थर्मोल्यूमिनेसेंस डेटिंग तकनीक का इस्तेमाल कर इसकी सटीक उम्र का पता लगाया। इससे पता चला है कि यह मूर्ति 9वीं शताब्दी ईसा पूर्व से 13वीं शताब्दी ईस्वी के बीच की है। इसका मतलब है कि कोलंबस के पहुंचने से बहुत पहले की है।

# शार्क के खून में दौड़ रहा नशे का सामान, मंडराया बड़ा खतरा

**वॉशिंगटन।** समुद्र की गहराई में रहने वाले शार्क को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। हाल ही में हुए एक रिसर्च के अनुसार बहामास के तट के पास तैरने वाली शार्क के खून में कोकीन, कैफीन और दर्द निवारक दवाओं के अंश पाए गए हैं। यह खबर पर्यावरण प्रेमियों और वैज्ञानिकों के लिए चिंता का कारण बन गई है। 'एनवायरनमेंटल पॉल्यूशन' में पब्लिश्ड एक स्टडी ने इसकी पुष्टि की गई है।

**क्या कहती है रिसर्च :** 'एनवायरनमेंटल पॉल्यूशन' नाम की एक पत्रिका में पब्लिश्ड इस स्टडी के लिए साइंटिस्ट ने बहामास के एलुथेरा द्वीप के पास से 85 शार्क के खून के नमूने लिए, जिनके नतीजों ने सबको हैरान कर दिया। लगभग एक-तिहाई शार्क में कैफीन और सूजन कम करने वाली दवाएं पाई गईं. वहीं एक




शार्क के खून में तो कोकीन तक की पुष्टि हुई है। फेडरल यूनिवर्सिटी ऑफ पराना की बायोलॉजिस्ट नताशा वोस्निक और उनकी टीम का मानना है कि इसके पीछे सबसे बड़ा कारण इंसानों का दखल देना है।




# मंगल में दिखा रहस्यमयी चमकदार बेलन, क्यूरियोसिटी रोवर को भेजने की मांग

**वॉशिंगटन।** हार्वर्ड के एक एस्ट्रोफिजिसिस्ट ने अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा से 'मंगल' की सतह पर 2022 में ली गई एक छोटी, चमकदार बेलनाकार चीज की जांच करने के लिए क्यूरियोसिटी रोवर को भेजने की मांग की है। उनका कहना है कि उसकी पहचान होना, इसलिए जरूरी है कि उससे लाल धरती वाले ग्रह के बारे में कुछ अहम जानकारियां मिल सकती हैं। ब्रह्मांड में अनंत संभावनाएं छिपी हैं, तो अनगिनत राज ऐसे भी हैं, जिन्हें वैज्ञानिक अब तक नहीं सुलझा पाए हैं। कुछ साल पहले हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह पर एक रहस्यमयी चीज देखी थी। उस समय उस घटना को



विज्ञान जगत की सबसे बड़ी हलचल माना गया था। लाल ग्रह पर किसी चमकदार 'बेलन' जैसी दिखने वाली वो चीज क्या थी, जिसे देखकर साइंटिस्ट हैरान-परेशान हो गए थे। अब एक बार फिर से उसकी चर्चा हो रही है। करीब 20 सेंटीमीटर लंबी इस चीज की पहली तस्वीर 2022 में सामने आई थी। लेकिन, इसकी ऑफिशियल पहचान नहीं हो सकी कि आखिर ये क्या चीज है। साइंटिस्ट एवी लोएब का कहना है कि उसकी जांच पड़ताल सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए थी।

एवी लोएब ने हाल ही में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि चार सालों से दुनिया इससे अनजान है। जबकि इसका पता लगाना रोवर के रुटीन कामों से इतर एजेंसी की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए थी।

### क्या मिला और कहां

इस कथित 'बेलन' जैसी चीज की तस्वीर क्यूरियोसिटी रोवर ने लाल ग्रह मंगल के इक्वेटर के पास रोवर ने ली थी। इस चीज को गोल सिलींड्रिकल शेप बताया गया था। इसकी लंबाई करीब 20 सेंटीमीटर और सिरा चपटा था। इसकी सतह इतनी चमकदार थी कि मंगल ग्रह की ऊबड़-खाबड़ जमीन पर भी एकदम साफ नजर आ रही थी। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने इसके आकार की तुलना जमीन पर पड़ी पार्टी हैट से भी की थी। हार्वर्ड वैज्ञानिक का कहना है कि नासा ने ऑफिशियली अबतक इस चीज की पहचान नहीं की है और ना ही इस पर कोई कमेंट किया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com